आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
# यश भारत
नये जमाने के साथ ...
वर्ष- 16 अंक 292 - जबलपुर - शनिवार, 26 नवम्बर, 2022 - मूल्य- 2 रुपए - पृष्ठ-8 - अगहन मास शुक्ल पक्ष-3 - विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## BSF ने अमृतसर सेक्टर में मार गिराया ड्रोन, पंजाब बॉर्डर पर 3 बार घुसपैठ का प्रयास विफल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब बॉर्डर पर पाकिस्तान की तरफ से तीन बार घुसपैठ का प्रयास किया गया। मौसम में बदलाव के बाद पाकिस्तान में बैठे तस्कर लगातार भारत में गलत मंसूबों को अंजाम देने की कोशिशों में जुटे हैं। लेकिन इसी बीच क्चस्न के जवानों ने पाकिस्तान के एक ड्रोन को गिराने और दो तस्करों को वापस भागने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार अमृतसर सेक्टर के अंतर्गत आती चौकी दाओके में रात 10 बजे ड्रोन मूवमेंट सुनने को मिली। गश्त कर रहे **BSF** के जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनने के बाद फायरिंग शुरू कर दी। कुछ मिनटों में ही ड्रोन की आवाज बंद हो गई। जिसके बाद इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। जिसमें खेतों में गिरा ड्रोन BSF के जवानों ने रिकवर कर लिया है। 8 प्रोपेलर (पंख) वाला ऑक्टा-कॉप्टर डीजेआई मैट्रिस है, जिसे पाकिस्तान तस्कर बड़ी खेप को सरहद पार पहुंचाने में करते हैं।

### घुसपैठियों को BSF जवानों ने भगाया

वहीं दूसरी कोशिश सेक्टर पठानकोट के अंतर्गत आती चौकी फरईपुर में गश्त कर रहे जवानों ने विफल की। हाईटेक हो चुकी BSF ने पाकिस्तानी रेंजर्स की चौकी फरईपुर में थर्मल कैमरे की मदद से दो घुसपैठियों को हरकत करते हुए देखा। बॉर्डर पर बटालियन 121 के जवान गश्त पर थे। जवानों ने सतर्कता के लिए फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों को वापस लौटना पड़ा।

## इटारसी में कार दुर्घटनाग्रस्त-धोखेड़ा के पास टर्निंग पर पलटी कार, बच्ची समेत 8 लोग घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नर्मदापुरम के इटारसी-पांजरा रोड पर धोखेड़ा के पास तेज रफ्तार कार पलट गई। हादसे में कार में बैठी 5 साल की बच्ची समेत 8 लोग घायल हो गए। घटना शुक्रवार रात करीब 9 बजे की है। सूचना मिलते ही इटारसी थाने से डॉयल 100 स्टाफ मौके पर पहुंचा। घायलों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल कर एम्बुलेंस और डायल वाहन में रखकर इटारसी भेजा। 2 घायल की हालत गंभीर होने से उन्हें नर्मदापुरम भेजा गया। घायल चादौन गांव के बताए जा रहे है, जो किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पांजरा-इटारसी के बीच में धोखेड़ा के पास टर्निंग पॉइंट पर कार पलट कर गड्ढे में जा गिरी।

# याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के जज को आतंकवादी बताया
# SC ने कहा- आपको कुछ दिनों के लिए जेल भेजना पड़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के जज को एक याचिकाकर्ता ने आतंकवादी कह दिया। इस पर सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली ने शुक्रवार को नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आपको कुछ दिनों के लिए जेल भेजना पड़ेगा, तब आपको अहसास होगा। कोर्ट ने रजिस्ट्री को याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक याचिकाकर्ता एक लंबित मामले में जल्दी सुनवाई चाहता था। इसके लिए उसने कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी, जिसमें याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के जज को आतंकवादी कहा था। डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की बेंच ने इसकी आलोचना करते हुए कहा कि आप कोर्ट के जज पर इस तरह के आरोप नहीं लगा सकते।



## हम समय से पहले अर्जी पर सुनवाई नहीं कर सकते : सुको

इस पर बेंच ने कहा कि आपकी माफी काफी नहीं है, आपका रवैया कोर्ट का अपमान करने वाला है। हम आपको कारण बताओ नोटिस भेजेंगे कि आपके खिलाफ आपराधिक अवमानना का मुकदमा क्यों न चलाया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि हम आपकी अर्जी पर समय से पहले सुनवाई नहीं कर सकते, याचिका को खारिज समझा जाए। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता के आचरण के संबंध में एक हलफनामा दाखिल करने के लिए 3 हफ्ते का समय दिया है।

### याचिकाकर्ता ने कोर्ट से माफी मांगी

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई शुरू की। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने कहा मैं कोर्ट में आपकी पैरवी तभी शुरू करूंगा, जब आप अपनी गलती के लिए माफी मांगे। इस पर याचिकाकर्ता ने कोर्ट से जज को आतंकी कहने पर माफी मांगी। उसने कहा कि मैंने कोरोना महामारी के समय याचिका दाखिल की थी, तब मैं बहुत परेशान था।

### कोर्ट में जज और याचिकाकर्ता के बीच हुए सवाल-जवाब...

सीजेआई- आपने जल्दी सुनवाई के लिए अर्जी कब दाखिल की? याचिकाकर्ता- पहली बार मार्च 2021 में और दूसरी बार जुलाई 2021 में। जस्टिस हिमा कोहली- पहली याचिका में भी आपने इसी तरह की बातें लिखी थीं? याचिकाकर्ता- हां । जस्टिस हिमा कोहली - बहुत खूब।

### कोर्ट ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

बेंच ने याचिकाकर्ता की जल्द सुनवाई की अर्जी को खारिज कर दिया। साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता का आवेदन भी खारिज किया जाएगा।

## छपरा- चेन्नई गंगा कावेरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में थर्ड एसी इकॉनमी क्लास लगाए जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छपरा से चेन्नई के बीच चलने वाली गंगा कावेरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में अब आप थर्ड एसी के इकॉनमी क्लास में भी यात्रा कर सकेंगे। यह ट्रेन सतना, कटनी, जबलपुर और इटारसी के रास्ते सफर तय करती है लिहाजा इस सुविधा का लाभ इन स्टेशनों से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को भी मिलेगा। पश्चिम मध्य रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए डॉ. एमजीआर ने चेन्नई सेन्ट्रल-छपरा- चेन्नई सेन्ट्रल गंगाकावेरी सुपरफास्ट ट्रेन में वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थाई रूप से लगाने का निर्णय लिया है। इस वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी कोच में अपेक्षाकृत कम किराया एवं यात्री सीटों की संख्या अधिक होती है। इस कोच के लगने से पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी एवं सतना के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा ।

### 20 की जगह अब 22 कोच हुए

यह स्थाई कोच गाड़ी संख्या 12669 डॉ. एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल-छपरा गंगाकावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में डॉ. एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल स्टेशन से 26 नवंबर से लगेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 12670 छपरा-डॉ. एमजीआर चेन्नई सेन्ट्रल गंगाकावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में छपरा स्टेशन से 28 नवंबर से 02 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थाई रूप से लगेंगे। नए कोच कम्पोजीशन के बाद इस गाड़ी में विभिन्न श्रेणी के 20 की बजाय अब कुल 22 कोच होंगे ।

### कोच कंपोजीशन

वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी के 02 कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी अब 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी , 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 01 रसोई यान एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित 22 कोचों के साथ चलेगी।

**मप्र में राहुल की यात्रा का चौथा दिन**



# टी-ब्रेक के दौरान मची भगदड़
# धक्का-मुक्की में दिग्विजय सिंह गिरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का मप्र में आज यानि शनिवार को चौथा दिन है। सुबह 6 बजे यात्रा की शुरुआत खंडवा जिले के मोरटक्का से हुई। जो आगे चलकर करीब 7 बजे बड़वाह पहुंची। यहां से आगे बढ़ने पर रास्ते में उन्होंने कचरा बीनने वाली एक महिला से रुककर उससे बात की। बड़वाह से करीब 4 किलोमीटर आगे बढ़ने पर राहुल गांधी चोर बावड़ी के पास बने एक होटल पर अचानक चाय ब्रेक के लिए रुक गए। इसी दौरान वहां भगदड़ मच गई, जिसमें दिग्विजय सिंह गिर गए। उनके ऊपर कुछ कार्यकर्ता भी गिर गए। तभी अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें उठाया। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने नाराजगी जताई। आगे यात्रा खरगोन जिले के मनिहार, बलवाड़ा होते हुए महू पहुंचेगी। राहुल यहां आंबेडकर स्मारक पर बाबा साहेब आंबेडकर को नमन करेंगे। इसके बाद आमसभा को संबोधित करेंगे। मंच पर उनके साथ कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत देश व प्रदेश के करीब 40 नेता मौजूद रहेंगे।

### भारत जोड़ो यात्रा अपडेट्स

राहुल गांधी ने बड़वाह से करीब 4 किलोमीटर आगे वृंदावन रेस्टोरेंट में टी-ब्रेक लिया। ब्रेक के बाद प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा कार से मनिहार के लिए रवाना हुए, जबकि राहुल पैदल ही चलने लगे। यात्रा दोबारा शुरू हुई तो कमलनाथ भी कुछ देर पैदल चले। बड़वाह से आगे बढ़ने पर राहुल ने रास्ते में रुककर कचरा बीनने वाली एक महिला से भी बात की। उन्होंने उसकी समस्याएं सुनी और आश्वासन दिया कि तुम्हारी समस्याएं दूर होंगी।

## जेल में बंद सत्येंद्र जैन का एक और सीसीटीवी फुटेज वायरल



**नई दिल्ली,एजेंसी।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ा एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तिहाड़ जेल की सेल में बंद सत्येंद्र जैन से मिलने तत्कालीन जेल अधीक्षक अजीत कुमार आए थे, जिन्हें कई गंभीर आरोपों के चलते निलंबित किया जा चुका है। यह सीसीटीवी फुटेज 12 सितंबर का बताया जा रहा है। वीडियो में तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक अजीत कुमार को सेल में बंद सत्येंद्र जैन के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। वीडियो के अनुसार, सत्येंद्र जैन से मिलने के लिए पहुंचे अजीत कुमार सेल में मौजूद कुर्सी पर बैठे हैं और सत्येंद्र जैन से वार्तालाप कर रहे हैं। बता दें कि सत्येंद्र जैन को सुविधाएं मुहैया कराने के आरोप में अजीत कुमार को इस महीने की शुरुआत में निलंबित किया गया है।

**गिरोह का हुआ खात्मा, 12 बोर की बंदूक और 10 जिंदा कारतूस जब्त**

# डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग का आखिरी सदस्य करूआ गिरफ्तार

**मुरैना एजेंसी।** डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग का आखिरी सदस्य गिरफ्तार, गुड्डा गुर्जर गिरोह का अंतिम सदस्य करूआ उर्फ कला गुर्जर को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार किया है। डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग के आखिरी सदस्य की गिरफ्तारी के बाद अब यह गिरोह का खात्मा हो चुका है। डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग का आखिरी सदस्य गिरफ्तार, कला गुर्जर ने कैसे रखा था अपराध की दुनिया में कदम? मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में कुख्यात डकैत गुड्डा गुर्जर गिरोह का अंतिम सदस्य करूआ उर्फ कला गुर्जर को पुलिस ने शुक्रवार रात गिरफ्तार किया है। डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग के आखिरी सदस्य की गिरफ्तारी के बाद अब यह गिरोह का खात्मा हो चुका है। पुलिस के अनुसार रिठौरा पुलिस को सूचना मिली थी कि, कल्ला गुर्जर किसी जगह छुपा हुआ है जहां पर पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर डकैत को गिरफ्तार किया है। डकैत करुआ के पास एक 12 बोर की बंदूक और 10 जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

### 4 जिले और 20 थाने थे अलर्ट पर

गुड्डा गुर्जर को पकड़ने के लिए अलर्ट पर रखा गया था। गिरोह के मूवमेंट की जानकारी पुलिस को लगातार मिल रही थी। पुलिस द्वारा पहाड़गंज के जंगलों से लगी सीमाओं को सील किया गया था, जिसके बाद गुड्डा गुर्जर को पकड़ने में सफलता मिली है। ग्वालियर चंबल अंचल में खौफ फैलाने वाले डकैत गुड्डा गुर्जर को पकड़ने के लिए शिवराज सिंह चौहान ने नवंबर माहीने की शुरुआत में ही निर्देश दिए



थे। गुड्डा गुर्जर पर 60 हजार का इनाम घोषित था। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस प्रशासन व अधिकारी को जल्द उसे पकड़ने का निर्देश देने के बाद नवंबर माह के पहले सप्ताह में ही नूराबाद पुलिस ने लोहागढ़ के जंगल से घेराबंदी कर 10 हजार के दो इनामी डकैतों को गिरफ्तार किया था। डकैत गुर्जर को कारतूस और राशन-पानी बेचने वाले भतीजे को उसी समय गिरफ्तार कर लिया था लेकिन गुड्डा गुर्जर उस वक्त हाथ नहीं आया था। इस छापामारी के दो दिन बाद ही गुड्डा गुर्जर को भंवर पूरा जंगल में मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वहीं शुक्रवार देर रात को गुड्डा गुर्जर के अंतिम सदस्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

ऐसे रखा अपराध की दुनिया में कदम

## गहलोत-पायलट विवाद में MP के गृहमंत्री की एंट्री
### नरोत्तम बोले- सचिन राजस्थान का बड़ा चेहरा, सोनिया-राहुल तय करें- गद्दार कौन?

**एजेंसी।** राजस्थान के ष्ट्ररू अशोक गहलोत और सीनियर लीडर सचिन पायलट विवाद में मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की एंट्री हो गई है। गृहमंत्री डॉ. मिश्रा सचिन पायलट के बारे में बोले कि वे राजस्थान का बड़ा चेहरा हैं। अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी ही तय करें कि राजस्थान में गद्दार कौन है? गृहमंत्री ने बातों ही बातों में सीएम गहलोत पर भी हमला बोला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के दौरान राजस्थान में मचे घमासान को लेकर उन्होंने गहलोत को घेरा और पायलट का समर्थन किया। ऐसे में एक बार फिर से कयास लगाए जा रहे हैं कि बीजेपी विवाद के बहाने पायलट को अपने तरफ खींच सकते हैं और मध्यप्रदेश के सीनियर बीजेपी नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आने से पहले कांग्रेस में एक बार फिर भारी खींचतान शुरू हो गई है।




# संविधान दिवस समारोह में शामिल हुए पीएम मोदी
# ई-कोर्ट परियोजना को किया लांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को स्वीकार किए जाने के चलते इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने सबसे पहले ई-कोर्ट परियोजना की शुरुआत की। इस परियोजना के तहत वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, डिजिटल कोर्ट और जस्टिस मोबाइल एप 2.0 शुरू की जाएगी।



### देश को संविधान देने वाले महानुभावों को श्रद्धांजलि : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले एक ट्वीट के जरिए संविधान देने वाले देश के महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र के लिए अपने दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 2015 से 26 नवंबर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इससे पहले, इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था।

### अटॉर्नी जनरल बोले- सामाजिक विभाजन को मिटाने की जरूरत

अटार्नी आर वेंकटरमनी ने कार्यकर्म को संबोधित करते हुए कहा कि जाति और अन्य सामाजिक विभाजन की कुछ हानिकारक समस्याओं को मिटाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समानता का दावा जटिल है और नए विभाजन पैदा किए बिना कानून, समाज और अदालतों के बीच समन्वय के लिए आवास बनाया जाना चाहिए।

## स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाली: रिजिजू

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि डा बीआर अंबेडकर ने कहा था कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाली हैं, जिसे हमे आज भी याद रखना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई मौकों पर अदालतों में स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है ताकि न्यायिक प्रणाली में हमारे देश के आम लोगों का विश्वास बढ़ाया जा सके और उन्हें भी जुड़ा हुआ महसूस कराया जा सके।

### इसलिए मनाया जाता है संविधान दिवस

देश के संविधान के निर्माता डा बीआर अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को 26 नवंबर को देश संविधान दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया था। इसका उद्देश्य देश के लोगों को संविधान के बारे में जागरुक करना भी है। संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देश के हर नागरिक को हो इसके लिए संविधान दिवस मनाने का फैसला हुआ था।

# तिपहियों और दुकानों में उलझ गई कछपुरा क्रासिंग



## राहगीरों के लिये बड़ी मुसीबत बन रही आसपास पसरी बदइंतजामियत

## ट्रेफिक और नगर निगम की लापरवाही की सजा भोग रहे लोग

**जबलपुर, यशभारत।** यातायात को सुगमता प्रदान करने के लिए बनाया गया कछपुरा ब्रिज दुकानों और तिपहियों के जाल में उलझकर रह गया है। संजीवनी नगर से आने और मदन महल लिंक रोड से जाने वाले लोगों को कई तरह की परेशानियों को झेलते हुये आवागमन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दोपहर के उजाले में तो फिर भी यहां पसरी बदइंतजामियत देखकर लोग संभल जाते हैं मगर शाम ढलने के बाद पसरा घुप अंधेरा मुसाफिरों के लिये कहर से कम नहीं है। इस संबंध में स्थानीय एवं जागरुक लोगों के द्वारा कई बार शिकायतें भी की जा चुकी हैं यहां तक कि सीएम हेल्प लाइन तक में सूचनाएं प्रदान की गयीं मगर हालात आज भी ढाक के तीन पात वाले ही बने हुये हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का ध्यान भी इस बड़ी समस्या की तरफ नहीं जा रहा है। यही वजह है कि यहां से गुजरने वालों की परेशानियों में दिन ब दिन इजाफा होते जा रहा है।



### दिन भर तिपहियों की धमाचौकड़ी

कछपुरा ब्रिज के पास ही दर्जनों की संख्या में तिपहियों का जमघट लग जाता है। कभी कभी तो ये तिपहिये पूरी सड़क को घेर लेते हैं और इतनी जगह भी नहीं बचती कि कोई दोपहिया सवार आसानी से निकल सके। यह स्थिति देखकर पूरे शहर की ट्रेफिक व्यवस्था का का अंदाजा लगाया जा सकता है। बताया जाता है कि ये तिपहिये अक्सर उस जगह पर खड़े होते हैं जहां से लोग या तो चढ़ाई शुरू होती है या फिर ढलान खत्म होती है। यह जगह काफी खतरनाक होती है और बेतरतीब तरीके से तिपहियों का जमघट किसी भी दिन बड़े हादसे का सबब बन सकता है।

### ढलान से उतरते ही हादसे का डर सताने लगता है

जागरुक नागरिकों विपिन खत्री, अशोक दाते, विष्णु प्रजापति, रामकेश पाण्डे का कहना है कि वो लोग संजीवनी नगर से रोज लिंक रोड होते हुये दफ्तरों तक जाते हैं। उन्हें कछपुरा ओव्हर ब्रिज से लिंक रोड की तरफ उतरते ही हादसे का डर सताने लगता है। यहां पर न तो किसी तरह की ट्रेफिक व्यवस्था है और न ही सिग्नल का इंतजाम किया गया है। कायदे से जिम्मेदार अधिकारियों को बारीकी से अध्ययन करने के बाद कम से कम यातायात का सिपाही तो तैनात किया जाना था ताकि लोग बिना किसी डर के आवागमन कर सकें।



### उपेक्षित छोड़ दिया गया

सड़क तो बना दी मगर बाकी के इंतजामों की दिशा में किसी तरह के प्रयास नहीं किये गये। कछपुरा क्रासिंग के आसपास के हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। शाम के समय पूरी सड़क बाजार में तब्दील हो जाती है। एक तरफ नगर निगम की टीम पूरे शहर में अतिक्रमण हटाने के लिये घूम रही है तो वहीं दूसरी तरफ क्रासिंग के आसपास के अतिक्रमण नजर नहीं आ रहे हैं। इसकी दुर्दशा को देखकर ऐसा लगता है जैसे इसे इसके हाल पर छोड़ दिया गया है।

### ब्रिज पर सजने लगी दुकानें

कछपुरा ब्रिज धीरे-धीर बाजार में तब्दील होते जा रहा है। ब्रिज के ऊपर ही दोपहर को आधा दर्जन से ज्यादा ठेले खड़े नजर आये। एक साइड में जहां भुट्टे बिक रहे थे तो दूसरी साइड में फालूदा और बादाम शेक के ठेले लगे थे। यहां से गुजरने वाले लोग गाड़ी खड़ी करके स्वाद ले रहे थे। इस दौरान आधे से ज्यादा मार्ग वाहनों की वजह से आवागमन के लायक नहीं बचता।

## शैल्बी हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**जबलपुर, यशभारत।** शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर आज और रविवार को 2 दिवसीय सुपरस्पेशयलिटी नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किय रहा है। जिसके अंतर्गत शनिवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर के वरिष्ठ व अनुभवी हर्दिय रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष तिवारी द्वारा नि:शुल्क हर्दिय रोग परामर्श दिया जावेगा। इस शिविर का मकसद सर्दी के मौसम में आम लोगों को होने वाली हर्दिय सम्बंधित समस्याओं से सचेत करना है। इसी तारतम्य में रविवार को सर्दी के मौसम में जोड़ रोगों में होने वाली समस्याओं से बचाने हेतु शैल्बी हॉस्पिटल के हड्डी एवं जोड़ रोग प्रमुख एवं विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ अमित कुमार जैन( कोट वाले ) अपनी नि:शुल्क सेवाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक देंगे। साथ में सभी मरीजों की नि:शुल्क बी एम डी ( बॉन मिनरल डेन्सिटी ) फिजियोथेरेपी परामर्श व ब्लड प्रेशर जांच नि:शुल्क की जाएगी।

## प्रश्नमंच प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को निर्वाचन कार्य के लिए किया प्रेरित



**जबलपुर, यशभारत।** जिला निर्वाचन कार्यालय की मतदाता जागरूकता समिति द्वारा शुक्रवार को गौर स्थित सेंट अलायसियस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी में जिलास्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को निर्वाचन कार्य के लिए प्रेरित किया गया और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। करीब सात घंटे चले प्रश्नमंच कार्यक्रम के पश्चात उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन किया गया। ये विद्यार्थी कैम्पस एम्बेसेडर प्रणाली के माध्यम से अब जबलपुर जिले में सतत निर्वाचन जागरूकता का कार्य करेंगे। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में जबलपुर के 36 नोडल अधिकारी, मेंटर टीचर और विजेताओं द्वारा सहभागिता की गई। इस दौरान सेंट अलायसियस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी महाविद्यालय के नववर्ष के कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।

### यह भी पढ़ें

प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- सुप्रिया ( संत अलायसियस महाविद्यालय ), पूनम ( सीपी महिला महाविद्यालय ) एवं शिवांश ( महाराष्ट्र महाविद्यालय ) के समूह को मिला। द्वितीय स्थान मिस्बाह अंसारी ( नवयुग कालेज ) एवं सरिता चौधरी ( डा. राधा कृष्णन कालेज ) के समूह ने और तीसरा स्थान आयुष शिंदे ( जबलपुर इंजीनियरिंग महाविद्यालय ) एवं जितेन्द्र कुमार ( एनइएस महाविद्यालय ) के समूह ने प्राप्त किया।

### युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आह्वान

अठारह वर्ष की आयु पूरी कर चुके जिले के सभी युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमःशिवाय अरजरिया ने की है। अपर कलेक्टर ने बताया कि एक जनवरी 2023 को आधार मानते हुए निर्वाचन नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जिले में प्रारंभ किया गया है। इसके तहत नौ नवम्बर को जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है और आठ दिसंबर तक इस पर दावे-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं।

## उच्च शिक्षा मंत्री का राहुल गांधी पर कटाक्ष ज्ञान बढ़ा लें, कांग्रेस मिली थी अंग्रेजों के साथ

**जबलपुर, यशभारत।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव का आज शुक्रवार 25 नवम्बर की सुबह जबलपुर आगमन हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री नें चर्चा के दौरान राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुये कहा कि वे अपना ज्ञान बढ़ा लें कांग्रेस ने अंग्रेजों से मिलकर जिस ढंग से राजनीति की उसकी कीमत देश ने चुकाई देश की आजादी के बाद से लेकर शिक्षा नीति को लेकर सब क्षेत्रों में जो आदिवासी अंचलों को महत्व देना चाहिये था वो कभी भी कांग्रेस ने नहीं दिया। कांग्रेस हमेशा वोट के लिये बात करती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गैर राजनीतिक संगठन है इसलिये अपनी राजनीति के लिये कांग्रेस राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को बीच में लाती है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संगठन कभी भी मर्यादा नहीं तोड़ता है वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और देशभक्तों की पूरी टीम को तैयार करने के लिये काम करता है, लेकिन अगर उसकी मर्यादा के खिलाफ ये बोलेंगे तो हम सब निंदा करते हैं और कांग्रेस के नेताओं को



माफी मांगना चाहिये।

वहीं राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुये कहा कि कभी बीजेपी नहीं घबराती है घबरा तो कांग्रेस रही है कांग्रेस ने वो रास्ता चुना जो उनका तरीका रहता था लेकिन राहुल गांधी ने जो टिप्पणी की है हमारे वीर सावरकर जी के लिये सावरकर जी का वो इतिहास रहा है कि कांग्रेस सात जनम भी ले ले तो राहुल गांधी उनके पांव के धूल के बराबर नहीं हैं। पीजी के लिये आने वाले समय में अलग प्रकार का पाठ्यक्रम लागू होगा आने वाले समय में इसके लाभ भी मिलेंगे। उसके पीछे भाव ये है कि शिक्षा अपनी जड़ों से जुड़कर होना चाहिये हमारे अपने सांस्कृतिक गौरवशाली इतिहास को जीवंत करने के लिये शिक्षा नीति का बड़ी भूमिका रहेगी। साथ ही साथ भारतीय भाषाओं की हमारा बहुभाषीय देश है हरेक देश ने अपनी ही भाषा में शिक्षा नीति लागू की और आगे बढ़े केवल एक ही भाषा से देश में शिक्षा नीति लागू करना ये कहीं ना कहीं दुराव रहा है इसका नुकसान भी देश ने भोगा है।

## ऐतिहासिक तालाब संग्रामसागर का रेंग रहा विकास गार्डन में रात के समय अवांछित तत्वों का जमघट



तालाब में जम रही सिल्ट, कपड़ों की हो रही धुलाई

**जबलपुर, यशभारत।** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के माध्यम से एतिहासिक तालाब संग्रामसागर का विकास तो किया जा रहा है लेकिन यहां निगरानी के अभाव में विकास कार्य दम तोडने की कगार पर पहुंच गए हैं। तालाब में कचरा फेंका जा रहा है, जिससे सिल्ट जम रही है। उधर, कपड़े धोने पर प्रतिबंध होने के बाद भी यहां कपड़े धोए जा रहे हैं। गोंडवानाकालीन शासक राजा संग्रामसिंह के नाम पर यह तालाब बनाया गया था। तालाब के बीच में बारादरी है। बारादरी जाने के लिए पहले नाव से जाया जाता था लेकिन अब मदनमहल पहाड़ी की ओर से रास्ता बना लिया गया है। इतिहासविदों का कहना है कि बारादरी में राज्य की गुप्त वार्ता होती थी। राज्य अतिथियों को ठहराया जाता था। बारादरी की निगरानी मदनमहल के किले से की जाती थी।

### तालाब में सिल्ट पर उगीं झाड़ियां

तालाब की गहराई अधिक है। सालों से यह तालाब साफ नहीं हुआ है और न ही बारिश के दौरान इसका पानी री-साइकिल हो पाया है, जिससे तालाब के चारों ओर सिल्ट जम गई है, जिसमें झाडियां उग रही हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बाजनामठ की ओर से कचरा फेंका जाने लगा है, जिससे किनारों पर दलदल की स्थिति बन गई है।

### धुल रहे कपड़े

तालाब के घाट और स्टाप डेम की ओर लोग कपड़े धो रहे हैं, जबकि एतिहासिक तालाब में पकड़े धोने पर रोक लगाई गई है। उधर, यहां गार्डन भी निगरानी के अभाव में चौपट हो रहा है। बाजनामठ से लेकर स्टाप डेम तक बनाए गए गार्डन की हालत यह हो गई है कि पाथवे जर्जर हो रहा है। पाथवे के पत्थर उखड़ रहे हैं। तालाब की ओर जाली क्षतिग्रस्त हो रही है। ट्रांसफार्मर की डीपी खुली पड़ी है।

#### इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई में दिन-ब-दिन बढ़ रहे कब्जे, आसपास ही हैं कई फैक्ट्रियाँ, कभी हादसा हुआ तो दर्दनाक होगी तस्वीर

## औद्योगिक इकाइयों के पास तक हो गई अवैध बसाहट, बढ़ा खतरा

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के अन्य स्थानों की तरह ही अवैध कॉलोनियों की समस्या अब रिछाई औद्योगिक केन्द्र में भी सिर उठा रही है। हालात ये हैं कि यहाँ चल रहीं इकाइयों से महज 12 फीट की दूरी पर भी धड़ल्ले से मकानों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में यह खतरा भी उत्पन्न हो गया है कि यदि कभी इन इंडस्ट्रियों में केमिकल रिसने अथवा अग्निकाण्ड होने जैसी स्थितियाँ बनती हैं, तो सबसे पहले इन अवैध कॉलोनियों के मकान ही उनकी चपेट में आएँगे, लेकिन इन खतरों को देखने के बावजूद उद्योग विभाग और नगर निगम के जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं।

### निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है

रिछाई क्षेत्र में तो अवैध कॉलोनियाँ बनने की समस्या इस हद तक बढ़ चुकी है कि औद्योगिक इकाइयों से लगभग 12 फीट नजदीक तक इनका निर्माण कर लिया गया है। रिछाई से मढ़ई रोड पर ही 4 अवैध कॉलोनियाँ बनाकर महँगे दामों पर लोगों को इनमें घर भी मुहैया करा दिए गए हैं। संवर्धन शुल्क लेने के बावजूद विभाग उदासीन रिछाई के उद्योग संचालकों द्वारा नियमित रूप से उद्योग विभाग को संवर्धन शुल्क भी अदा किया जाता है। इसके बावजूद विभागीय जिम्मेदार इस ओर पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं। उनके साथ ही समय-समय पर होने वाली बैठकों में जिला प्रशासन एवं नगर निगम के आला अधिकारियों तक भी यह गंभीर समस्या रखने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यहाँ आश्चर्यजनक बात यह भी है कि विभिन्न बैंकों द्वारा अवैध कॉलोनियाँ बनाने वाले लोगों को आसानी से लोन भी मुहैया कराया जा रहा है। इसी कारण पूरे इलाके धड़ाधड़ का बनने का क्रम लगातार बना हुआ है। कुछ मकान तो औद्योगिक इकाईयों से सटकर बन गए हैं।



### 440 एकड़ में फै है औद्योगिक केन्द्र

जानकारों की मानें तो औद्योगिक केन्द्र रिछाई व अधारताल लगभग 440 एकड़ भू-भाग में फैला हुआ है। इस इंडस्ट्रियल एरिया में 276 से अधिक छोटी-बड़ी इकाइयाँ उत्पादन कार्य कर रही हैं। इसी तरह अधारताल स्थित औद्योगिक केन्द्र में भी करीब 120 इकाइयाँ हैं और यहाँ भी अतिक्रमण संबंधी समस्या प्रबल होती जा रही है। इन दोनों ही केन्द्रों में समय-समय पर आने वाले मंत्रियों एवं अधिकारियों द्वारा हरसंभव बेहतर सुविधाएँ उद्योग संचालकों को मुहैया कराने का आश्वासन दिया जाता रहा है लेकिन आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ।



# सौगात

# राइट टाउन में पौने तीन सौ कारों के लिए बनेगी पार्किंग

**जबलपुर, यशभारत। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में शामिल राइट टाउन स्टेडियम बाजार क्षेत्र में वाहन पार्किंग की समस्या दूर करने तीन मंजिला आरसीसी पार्किंग विकसित की जाएगी। स्मार्ट सिटी के तहत पार्किंग निर्माण के लिए बेस फाउंडेशन का काम शुरू हो गया है। पार्किंग का निर्माण मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स फेस 2 के तहत किया जा रहा है। पुराने बॉस्केट बॉल ट्रेक के समीप पार्किंग स्थल विकसित होगा। इससे खिलाड़ियों व व्यवसायियों को व्यवस्थित पार्किंग स्थल मिल जाएगा।**

## स्टेडियम आने वाले खिलाड़ियों को होगा फायदा

जबलपुर . राइट टाउन स्टेडियम में सुबह-शाम बड़ी संख्या में एथलीट आते हैं। उनके वाहनों को खड़ा करने के लिए कोई जगह नहीं है। हालत यह है कि ज्यादातर वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। इसी तरह से स्टेडियम बाजार से लेकर मानस भवन के आसपास के दुकानदारों के सामने भी वाहन पार्किंग की समस्या है। आरसीसी स्ट्रक्चर पर पार्किंग विकसित हो जाने पर क्षेत्र के लोगों को



वाहन पार्किंग का बेहतर विकल्प मिल जाएगा। इसी परिसर में लगभग सौ खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल का भी निर्माण किया जाएगा। पार्किंग स्थल के विकसित हो जाने पर यहां पौने तीन सौ कार खड़ी हो सकेंगी। इससे पहले क्षेत्र में एक पार्किंग मानस भवन परिसर में स्टील स्ट्रक्चर पर विकसित की गई थी। स्मार्ट सिटी के तहत बनी इस पार्किंग में शुरुआत में उपयोग कम हो रहा था। लेकिन, अब ज्यादातर समय ये बहुमंजिला पार्किंग वाहनों से भरी रहती है। ऐसे में इस पार्किंग की भी सख्त जरूरत महसूस की जा रही है।

### यह है स्थिति

- 35 हजार वर्गफीट में किया जा रहा है निर्माण
- 26 हजार वर्गफीट में रहेगी पार्किंग
- 3 मंजिला होगी पार्किंग
- 80 कार हर फ्लोर में हो सकेंगी खड़ी
- 32 कार की क्षमता फ्लोर की पार्किंग में
- 100 लोगों के लिए हॉस्टल
- 24 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

# जनजाति बाहुल्य 32 ग्रामों में एक दिवसीय पशु चिकित्सा टीकाकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम 30 नवंबर को

**जबलपुर, यशभारत।** जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव तहसील शहपुरा जिला डिंडोरी द्वारा 32 ग्रामों में एकदिवसीय वृहद टीकाकरण पशु चिकित्सा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग जबलपुर संभाग के सौजन्य से 30 नवंबर 2022 को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी ग्रामों हेतु 5 सदस्यीय टीम पशु चिकित्सा छात्रों एवं विशेषज्ञों को सम्मिलित करके प्रत्येक ग्राम हेतु एक दल तथा सभी ग्रामों के 6 जोन एवं जोनल अधिकारी को सभी ग्रामों हेतु कार्य विभाजन किया गया है। समस्त प्रतिभागियों हेतु जलपान एवं भोजन व्यवस्था जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव द्वारा की जावेगी तथा पशु चिकित्सा छात्रों एवं विशेषज्ञों को केंद्र तथा ग्रामो तक पहुंचाने एवं लाने हेतु 3 बस एवं 3 जीप वाहनों की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा तथा औषधियां एवं उपकरण तथा आवश्यक टीका द्रव्य एवं वाहनों की व्यवस्था पशुपालन एवं



डेयरी विभाग जिला डिंडोरी द्वारा की जावेगी। साथ ही दो बड़े ग्रामों में विशेष पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण तथा शल्य क्रिया के शिविर में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा उपचार किया जावेगा। कार्यक्रम का प्रगति प्रतिवेदन केंद्र में संकलित किया जावेगा एवं भोजन उपरांत प्रतिभागियों की गंतव्य को वापसी के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजन की सफलता हेतु पशु चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के सभागार में कुलपति सीता प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में बैठक 23 नवंबर 22 को संपन्न हुई जिसमें डॉ विनोद बाजपेई संयुक्त संचालक डॉ सुनील कांत बाजपेई सेवानिवृत्त उपसंचालक डॉ एसके जोशी कुलसचिव डॉ आर के शर्मा अधिष्ठाता डॉआदित्य मिश्रा डीन छात्र कल्याण डॉ देवेंद्र गुप्ता विश्वविद्यालय की संचालक एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

## अंडे विक्रेताओं में चले लाठी-डंडे

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के ओमती थानांतर्गत अंजुमन इस्लामिया स्कूल के सामने अंडे का ठेला लगाने वाले दो विक्रेताओं के बीच पार्किंग को लेकर देर रात झगड़ा हो गया। दोनों विक्रेताओं के बीच जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष के लोग मौके पर जमा हो गए। एक-दूसरे की दुकानों में जमकर तोड़फोड़ कर दी। साथ ही दुकान में रखे अंडे के ठेले को भी पलटा दिया। विवाद के चलते दोनों पक्ष के कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ओमती पुलिस ने बताया की जावेद खान और नसीम खान, निहाल कश्यप अंडे का ठेला लगाते हैं। इसी दौरान पार्किंग को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। दोनों तरफ से लोगों को चोट आई है। घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सिहोरा में बड़ा भाई घर के सामने से निकला तो छोटे ने तोड़ दिया हाथ

**जबलपुर, यशभारत। सिहोरा में एक छोटे भाई ने घर के सामने निकलने पर बड़े भाई के साथ मारपीट की। घटना में बड़े भाई के हाथ में चोट आई। थाने पहुंचे पीड़ित बड़े भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामला कायम कर आरोपी छोटे भाई की तलाश शुरू कर दी है।**

थाना सिहोरा में राजकुमार वंशकार उम्र 55 वर्ष निवासी बाबाताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके घर के आगे उसका भाई मदन वंशकार रहता है जिसके घर के सामने से उसके निकलने का रास्ता है। शाम को वह घर वापस आ रहा था मदन अपने घर के पास शराब पिये हुये मिला और उसके साथ गालीगलौज कर रास्ते से निकलने से मना



करने लगा उसने विरोध किया तो उसके साथ हाथ मुक्को से मारपीट की एवं सब्जी काटने के चाकू से हमला कर गाल में चोट पहुंचा दी हे। रिपोर्ट पर धारा 294,323,324, भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

## पुराने विवाद पर हनुमानताल में युवक को पीटा

थाना हनुमानताल में राज सोनकर उम्र 19 वर्ष निवासी खाई मोहल्ला हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह रात में घर जाते समय लगभग 11-40 बजे दुर्गा चैक के पास शुभम मराठा, रोहित मराठा, शुभम रैकवार एवं हिमांशू रजक मिले एवं पुरानी बुराई पर से उसे रोककर गालीगलौज करने लगे उसने विरोध किया तो हाथ मुक्को से मारपीट कर चेहरे में चोटे पहुंचा दी उसकी आवाज सुनकर उसके भाई बचाने आये तो जान से मारने की धमकी देते हुये चारो भग गये। रिपोर्ट पर धारा 341,294,323,506,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश जारी है।

## रांझी में नाबालिग को चाकु से गोदा

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के गोकलपुर में दोस्तों के साथ पैदल घर जा रहे नाबालिग को बीच रास्ता रोककर आरोपी ने जमकर गालीगलौच की और जब पीड़ित ने विरोध किया तो मारपीट कर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए और मौके से फरार हो गया। मुस्तैद पुलिस ने मामला दर्ज होते ही आरोपी को दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है।

**दोस्तों के साथ जा रहा था घर, बीच रास्ते रोककर दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने आरोपी को दबोचा**

जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 16 वर्षीय किशोर निवासी आजाद नगर गोकलपुर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह रात में कबीर एवं कृष्णा के साथ पैदल घर वापस आ रहा था। तभी विवेक विनोदिया ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी विवेक विनोदिया 25 वर्ष निवासी आजाद नगर गोकलपुर रांझी को अभिरक्षा मे लेते हुये आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त कर विवेचना में लिया गया।

### गोराबाजार युवक की मौत का मामला

# सीसीटीव्ही फुटेज में दिखे दो लोग, चाकू लेकर ऊपर चढ़ा था मृतक, परिजनों ने लगाए हत्या के आरोप

**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार थाना अंतर्गत दत्त टाउनशिप की पांचवी मंजिल से एक 11 वी के छात्र की गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी थी। छात्र यहां बड़ी मम्मी के घर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में किशोर के शरीर में कई अन्य चोटों के निशान भी है। साथ ही मृतक के परिजनों ने कहा कि उनके बेटे का मर्डर हुआ है। उसे पांचवी मंजिल से फेंका गया है। पुलिस को मिले फुटेज भी कटे-फटे है, लिहाजा पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी विजय परस्ते ने बताया कि अजय सिंग चौहान ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उनका 17 वर्षीय भाई उनके परिवार के साथ ही रहता था। जिसकी बिल्डंग के पांचवे माले से गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी।



### पीएम में यह हुआ खुलासा

श्री परस्ते ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के दोनों पैर पूरी तरह से टूट गए थे। चाकू लगने की आशंका है। लेकिन बॉड़ी में चोट के निशान नहीं है। लिहाजा मामले की जांच जारी है।

### मोबाइल खोल सकता है राज?

थाना प्रभारी श्री परस्ते ने बताया कि जांच के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज भी कटे है। क्योंकि लाइन गुल हो चुकी थी। लिहाजा जांच कराई जा रही है कि कहीं लाइन गोल कराने के पीछे कोई साजिश तो नहीं थी। साथ ही परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे है। ताकि शंका के आधार पर पूछताछ हो सके। अब मृतक का मोबाइल है, जिसकी जांच जारी है। मोबाइल में कुछ सबूत हाथ लग सकते है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो साल पहले ग्वारीघाट में डूबकर हुई थी बेटे की मौत

पुलिस ने बताया कि करीब दो साल पहले भी मुनीर चौहान के एक बेटे की मौत ग्वारीघाट में डूबकर हो गयी थी। परिजनों शक के आधार पर हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। लिहाजा मामले की बारीकी से जांच जारी है।

### लाइट उसी समय हुई गुल, परिजनों ने कहा- ठोस कार्रवाई करे पुलिस

मृतक के पिता मुनीर चौहान ने थाने पहुंचकर कहा कि उनके बेटे का पूरी योजना बनाकर मर्डर किया गया है। यहां तक कि जिस वक्त यह घटना हुई उसी दौरान लाइन गुल हुई और बाद में सीसीटीव्ही फुटेज में दो लोग देखे गए हैं। उनके बेटे को धक्का देकर मारा गया है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष की सीएम से मुलाकात

**जबलपुर, यशभारत।** जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शहर आगमन पर मुलाकात की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने एक ज्ञापन सौंपा जिसमें कुंडम आदिवासी विकासखंड को पेसा एक्ट में शामिल करवाने का अनुरोध किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने सीएम से कहा कि कुंडम में 80 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है सारी योजनाएं भी आदिवासी विभाग की संचालित हो रही है। अध्यक्ष ने सीएम से मांग रखी कि कुंडम को पेसा एक्ट में शामिल कर लिया जाएगा तो आदिवासियों के हितों की रक्षा होगा और उन्हें न्याय मिलेगा। इधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज दोपहर डुमना विमानतल पहुँचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री दोपहर लगभग 2.25 बजे नागपुर से विमान द्वारा डुमना पहुँचे थे। चौहान का डुमना विमानतल पर स्वागत उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ जीतेन्द्र जामदार, जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी एवं सुशील तिवारी इंदु, नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, पूर्व महापौर प्रभात साहू, आशीष दुबे, अखिलेश जैन, जी एस ठाकुर एवं जय सचदेव आदि ने किया।

**कुंडम आदिवासी इलाका पेसा एक्ट शामिल करवा देते तो अच्छा होता**

# जबलपुर में ठंड से चौथी मौत !

## उमाघाट में बेहोशी की हालत में पड़ा था अधेड़, विक्टोरिया में मौत

**जबलपुर, यशभारत।** ठंड अपने शबाव पर है। लेकिन सर्द हवाएं अब कहर बनकर टूट रहीं है। जिसके चलते अकेले जबलपुर में ही ठंड से यह चौथी मौत बताई जा रही है। पुलिस को उमाघार में बेहोशी की हालत में अधेड़ मिला था, जिसे विक्टोरिया में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्वारीघाट के उमाघाट में एक 40-50 वर्ष का अधेड़ बेहोशी की हालत में मिला था। जिसे तत्काल विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### नहीं थे पास में कोई गर्म कपड़े

पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान अधेड़ के पास से कोई गर्म कपड़े नहीं पाए गए। इतना ही नहीं अधेड़ के पास कोई संसाधन भी



नहीं थे। जिसके बाद कयास लगाए जा रहे है कि अधेड़ की मौत ठंड से हुई है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग निर्माण शाखा-खुली निविदा**
**(सिंगल पैकेट सिस्टम)**

उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई.-निविदा नोटिस कमांक डिप्टीसीईसीजेबीपी-10-2022 दिनांक 23.11.2022 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदा बन्द होने की तिथि 16.12.2022 समय 15.00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होंगी तथा हस्त निविदाओ को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदायें पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा सूचना कमांक** - डिप्टीसीईसीजेबीपी-10-2022 दिनांक 23.11.2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**- निम्नलिखित दो कार्यो का निष्पादन :- 1-पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में कटनी- सिंगरौली (320 किमी) के बीच प्रस्तावित तीसरी और चौथी लाइन के बीच फाइनल लोकेशन सर्वेक्षण 2-पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में देवेन्द्रनगर-अमनगंज (54 कि.मी.) के बीच नई लाइन के लिए फाइनल लोकेशन सर्वेक्षण। **निविदा का अनमानित मूल्य** - 7,25,15,917.53, **निविदा फार्म की (कीमत रूपये)**-0.00- **बयाना राशि (रुपयें मे)**-5,12,600/-, **कार्य समापन अवधि माह**- 05 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय दिनांक**- 16.12.2022 को 15.00 बजे बंद एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आईआरईपीएस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करे निविदाकर्ताओ से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रो हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इस निविदा के लिए लागू होगा।

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पमरे,जबलपुर**

वैक्सीन लगवाएं, जीवन के सफर को सुरक्षित बनायें।

# जबलपुर साइंस यूनिवर्सिटी में अनूठा प्रदर्शन

# हनुमान जी की फोटो लेकर छात्र पहुंचे विवि, मुख्यद्वार में बैठ करने लगे सुंदरकांड

**जबलपुर, यशभारत। मप्र जबलपुर साइंस यूनिवर्सिटी आज शुक्रवार को छात्रों ने अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। विवि में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर छात्र हनुमानजी की फोटो लेकर विवि पहुंचे और मुख्यद्वार पर बैठ गए। विरोध प्रदर्शन और हो हल्ला सुनकर कुलपति, रजिस्टार और ईसी मेम्बर मौके पर पहुंचे और छात्रों की बात सुनी। विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना था कि विवि परीक्षा से लेकर परिणाम तक समय पर घोषित नहीं हो रहे हैं, छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है लेकिन विवि अधिकारियों को इसकी चिंता नहीं है।**

मप्र छात्र यूनियन के अभिषेक पांडे ने बताया कि आज के विरोध प्रदर्शन का मुख्य मकसद पैरामेडिकल (बी.एम.एल.टी., म.एम.एल.टी., बी.पी.टी. आदि) आयुर्वेद सहित अन्य विधा के सत्र विलम्ब से चल रहे हैं. वि.वि. टाइम-टेबिल घोषित कर उसे निरस्त करता है। एक निश्चित टाइम-टेबिल अतिशीघ्र घोषित कराने, अनेकों बार वि.वि. परीक्षायें तो करा लेता है परन्तु प्रेक्टिकल कराने में महीनों लग जाते हैं, जिससे छात्रों का समय नष्ट होता है।



वि.वि. में आज दिनांक तक एकेडमिक केलेन्डर घोषित नहीं किया जिससे परीक्षा तिथि, नामांकन तिथि घोषित तो होती है परन्तु बार-बार निरस्त कर दिया जाता है। अतः एकेडमिक केलेन्डर घोषित कराने जिससे प्रवेश परीक्षा और परिणाम समय पर हो सकें और परिणाम हेतु विद्यार्थियोंको परेशानी का सामना न करना पड़े तथा एकेडमिक केलेन्डर घोषित न करने वाले जिम्मेदार असक्षम अधिकारी को तत्काल निलम्बित किया जावे। ई.सी. की बैठक के मिनिट्स जारी किए जायें साथ ही नर्सिंग की उत्तर पुस्तिकाएत्र गली होने वाले प्रकरण में गठित हाई लेवल जांच कमेटी से पूरी परीक्षा शाखा की जांच कराई जावे जिसमें परीक्षा परिणामों में हो रही गड़बड़ियों को दूर किया जा सके।



## अज्ञात मृतक की पहचान हेतु

**जबलपुर, यशभारत।** दिनांक 21.11.2022 को थाना मदनमहल अंतर्गत शाह मेडीकोज की गली एचपी गैस एजेंसी के पास एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 60 वर्ष के मृत पड़े होने की सूचना पर थाना मदनमहल में गर्ग क्रमांक 31/22 धारा 174 जाफौ का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। अज्ञात व्यक्ति के शव की काफी प्रयास के बाद भी पहचान नहीं हो सकी है। हुलिया- रंग गेहुंआ, कद करीब 5 फीट 3 इंच, चेहरा गोल, सिर पर सफेद बाल, पूरी बांह की कमीज एवं स्लेटी रंग का पैंट। मृतक की सूचना मिलने पर जांच अधिकारी सउनि प्रकाश सिंह पटेल 9424645800 या थाना प्रभारी मदनमहल 9479994043 को सूचित करने का कष्ट करें।

**भूल सुधार**

मेरे शासकीय रिकॉर्ड /सरकारी दस्तावेजों में मेरी पुत्री ईशानी दीक्षित की जन्म तिथि भूलवश 07/05/1999 दर्ज हो गई थी जिसे शपथ पत्र के माध्यम से कार्यवाही पूर्ण कर दुरुस्त करा दिया गया है कृपया कर मेरी पुत्री ईशानी दीक्षित की जन्मतिथि सुधार कर 27/03/1999 पढ़ा जावे।

**धर्मेंद्र कुमार दीक्षित**
**S/O महेश कुमार दीक्षित**
**44/ कोतवाली हनुमानताल वार्ड**
**जबलपुर (म.प्र.)**

**रोजगार प्रशिक्षण**

**क्या आप रोजगार चाहते हैं**

**आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें**

**कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है**

register nline@
https://www.grow.org.in

**90099-85689**

# पेसा एक्ट लागू करने हो गई है ग्राम सभा की शुरूआत : मुख्यमंत्री चौहान



**भोपला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पेसा एक्ट एक सामाजिक क्रांति है, इससे जनजातीय विकासखण्डों में ग्राम सभाओं को अधिकार सम्पन्न बनाया जा रहा है। गत 15 नवंबर से लागू इस एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये अब सशक्त रूप से ग्राम सभाओं की शुरूआत हो चुकी है। ग्रामीणजन अपने अधिकारों का उपयोग कर ग्राम को आत्म-निर्भर बनाये और ग्रामीणों को आर्थिक संबल प्रदान करें। मुख्यमंत्री चौहान आज डिंडौरी जिले में पेसा एक्ट की जागरूकता के लिये ग्राम शहपुरा और गुरैया में ग्राम सभा में शामिल होकर ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए। मुख्यमंत्री चौहान ने ग्रामीणों से कहा कि मैं आज भाषण देने नहीं, आपको पैसा एक्ट पढ़ाने आया हूँ। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर जनजातीय समुदाय के लिये ऐतिहासिक निर्णय लिया जाकर पेसा एक्ट लागू किया गया है। इसमें प्रत्येक जनजातीय ग्राम की अलग से ग्राम सभा होगी और उसे अधिकार सम्पन्न बनाया जाएगा। इसके लिये जरूरी है कि ग्राम के लोग पेसा एक्ट की भावना को समझे और उसे अपने ग्राम हित में लागू करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पेसा एक्ट लागू कर यह सुनिश्चित किया है कि अब सरकार भोपाल से नहीं चौपाल से चलेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि पेसा एक्ट किसी के खिलाफ नहीं है, इससे किसी का कोई नुकसान नहीं है, सभी का फायदा ही फायदा है। आज मैं आपको जल, जंगल और जमीन का अधिकार देने आया हूँ। अब हर साल ग्राम की ग्राम सभा में पटवारी और फारेस्ट गार्ड नक्शा, खसरे की नकल, बी-1 की कापी लेकर आयेंगे और ग्रामवासियों को पढ़ कर सुनायेंगे। गड़बड़ी पाई गई तो ग्राम सभा सुधार करेगी। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि अब किस सरकारी कार्य, योजना के लिये जमीन देना है, यह ग्राम सभा तय करेगी। ग्राम की भूमि का बिना ग्राम सभा की अनुमति के भू-अर्जन नहीं किया जा सकेगा। किसी जनजातीय भाई की जमीन पर कोई व्यक्ति बहला-फुसला कर, शादी के माध्यम से अथवा धर्मांतरण द्वारा कब्जा नहीं कर पायेगा। गाँव की गिट्टी, पत्थर, रेती आदि की खदानों की नीलामी होनी है या नहीं यह ग्राम सभा तय करेगी। खदान पहले जनजातीय सोसायटी को, फिर ग्राम की बहन को और फिर पुरूष को प्राथमिकता के आधार पर दी जायेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गाँव के तालाबों का प्रबंधन, उनमें मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन आदि का अधिकार ग्राम सभा का होगा और प्राप्त आमदनी पर ग्रामवासियों का हक होगा। सौ एकड़ तक के सिंचाई तालाब और बाँधों का प्रबंधन ग्राम सभा के पास होगा। हर्र, बहेड़ा, ऑवला, गोंद, करंज आदि वनोपज संग्रह और बेचने का अधिकार ग्राम सभा को होगा। वह इनके मूल्य भी निर्धारित कर सकेगी। वनोपज की आमदनी भी ग्राम सभा के पास आयेगी। जनजातीय भाइयों को अब तेन्दूपत्ता तोड़ने और बेचने का अधिकार होगा। साथ ही आमदनी भी उनके खाते में जायेगी। आगामी 15 दिसम्बर तक ग्राम सभा तय कर ले कि वह इस वर्ष तेन्दूपत्ता संग्रहण करेगी अथवा नहीं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत में एक वर्ष में जो पैसा आता है उससे क्या किया जाये, यह ग्राम सभा तय करेगी। यदि गाँव के मजदूरों को कोई दूसरे स्थान पर ले जाता है तो उसे ग्राम सभा से इसकी अनुमति लेना होगी। बाहरी व्यक्ति गाँव में आता है तो उसे भी ग्राम सभा की अनुमति लेनी होगी। मनरेगा के कार्यों की मॉनिटरिंग ग्राम सभा करेगी। कार्य का मस्टर रोल भी ग्राम सभा में रखा जायेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गाँव में नई दारू दुकान खुले या नहीं, इसका फैसला ग्राम सभा करेगी। यदि दारू की दुकान, अस्पताल, स्कूल, धार्मिक स्थल के पास है तो ग्राम सभा उसे बंद करने अथवा दूसरी जगह ले जाने की अनुशंसा कर सकेगी। ग्राम सभा किसी दिन को ड्राय-डे घोषित करने के लिये कलेक्टर को अनुशंसा कर सकेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कोई निजी साहूकार, ब्याज देने वाला व्यक्ति लायसेंस लेकर और सरकार द्वारा तय ब्याज दर पर ही ग्रामीणों को ऋण दे सकेगा। अवैध रूप से दिये गये ऋण शून्य हो जायेंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गाँव के छोटे-छोटे झगड़ों के निराकरण के लिये ग्राम शांति एवं विवाद निवारण समिति गठित की जायेगी, जो उनका निपटारा करेगी। जिन मामलों में एफआईआर दर्ज होती है, उसकी जानकारी पुलिस द्वारा ग्राम सभा को देना होगी। बाजारों, मेलों, त्योहारों का प्रबंधन ग्राम सभा कर सकेगी। आँगनवाड़ी, छात्रावास, स्कूल, आश्रम शालाएँ, अस्पताल के प्रबंधन का अधिकार भी ग्राम सभाओं के पास होगा। मुख्यमंत्री चौहान ने ग्रामवासियों की माँग पर ग्राम शहपुरा में मुख्य मार्ग पर डिवाइडर निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का सिविल अस्पताल में उन्नयन कर महिला डॉक्टर की पद-स्थापना, मार्ग निर्माण, हर घर पाइप लाईन और नल से जल आदि की घोषणा की। मुख्यमंत्री चौहान ने शहपुरा में मामा की पाती मुखिया के नाम और सिकल सेल प्रभावितों के लिये जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई जीवनदायिनी प्रसाद का विमोचन किया। केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी संबोधित किया। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, जन-प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के मुखिया एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# पेयजल पाइप लाइन निर्माण में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराएँ : कृषि मंत्री पटेल

**भोपला, एजेंसी।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने जल जीवन मिशन में पेयजल पाइप लाइन निर्माण में क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिये हैं। मंत्री श्री पटेल जिला पंचायत हरदा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने आगामी 13 दिसम्बर को जिले में होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष श्री दर्शन सिंह गहलोत सहित जन-प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। कृषि मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार हर घर, नल-जल उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। हरदा में पेयजल योजनाओं के लिये संरचनाएँ बनायी जा रही हैं। उन्होंने पेयजल पाइप लाइन डाले जाने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल्द ही हरदा में सभी को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। मंत्री श्री पटेल ने जिला पंचायत सदस्यों से कहा कि वे अपने भ्रमण के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखें तथा गुणवत्ता ठीक न होने पर अधिकारियों को अवगत करायें। कृषि मंत्री श्री पटेल ने आगामी 13 दिसम्बर को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में होने वाले सामूहिक विवाह के समुचित प्रबंध के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि हरदा में 500 जोड़ों का सामूहिक विवाह मुख्यमंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में होगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सभी समाजों के अध्यक्ष और सचिवों से चर्चा कर विवाह सम्मेलन की तिथि और आयोजन के बारे में उन्हें बताएँ, जिससे अधिक से अधिक कन्याओं का विवाह सम्मेलन में हो सके। कृषि मंत्री श्री पटेल ने आगामी 7 से 13 दिसम्बर तक हरदा में होने वाली कथा-वाचिका जया किशोरी जी की श्रीमद्भागवत कथा में सभी को आमंत्रित किया।

## भुन्नास से आदमपुर सड़क का किया भूमि-पूजन

कृषि मंत्री श्री पटेल ने प्रसिद्ध कथा-वाचिका कृष्ण प्रिया की उपस्थिति में ग्राम भुन्नास से आदमपुर बनने वाली सड़क का भूमि-पूजन किया। प्रधानमंत्री ग्राम-सड़क योजना में बनने वाली इस पक्की सड़क की लम्बाई 5.30 किलोमीटर और लागत 2 करोड़ 60 लाख रूपये है।

# राज्य मंत्री कुशवाह ने किया नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद थांदला माइक्रो इरिगेशन परियोजना का निरीक्षण

**भोपला, एजेंसी।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने झाबुआ जिले में निर्माणाधीन नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परियोजना में उपयोग किये जाने वाले पाइप की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने निर्माण स्थल पर चल रहे हाइड्रो टेस्ट का भी निरीक्षण किया। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला माइक्रो इरिगेशन बहु-उद्देश्यीय परियोजना की पाइप लाइन को बिछाने के दौरान लेवल (ढाल) को मेंटेन करके रखें, जिससे किसान भाइयों को समान प्रवाह के साथ जल मिल सके।

# लोक धन के अपव्यय को रोकने और वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता में लेखा परीक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल पटेल



**भोपला, एजेंसी।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि लोक धन के अपव्यय को रोकने संबंधी व्यवस्थाओं के अनुपालन में और सभी प्रकार के वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता सुनिश्चित कराने में लेखा परीक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेखा परीक्षा विभाग का 160 वर्षों का समृद्ध और गौरवशाली इतिहास है। राज्यपाल पटेल ने शुक्रवार को लेखा परीक्षा सप्ताह के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित किया। राज्यपाल पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने लेखा परीक्षा विभाग के गौरवशाली इतिहास के सम्मान में गत वर्ष से 16 नवम्बर को लेखा परीक्षा दिवस के रूप में मनाने की पहल की है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्रमुख विशेषता विधायिका सहित उसके सभी प्रमुख अंगों में सामंजस्य बनाए रखना है। लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संसद और राज्य विधान सभाओं के लिए सरकार और अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण की सार्वजनिक धन के व्यय सम्बन्धी जवाबदारी तय करने और इस सम्बन्ध में जानकारी जन-साधारण को उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया जाता है। वास्तव में लेखा परीक्षा विधायिका के प्रति प्रशासन की जवाबदेही लागू करने का उपकरण होकर वित्तीय प्रशासन पर विधायी नियंत्रण का महत्वपूर्ण साधन है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि ऑडिट के कठोर मानकों का पालन अधिक सावधानी के साथ किया जाना चाहिए, जिससे ऑडिट के दौरान नुकसान के अनुमानों अथवा बाहरी आंकड़ों के कारण ऑडिट की अखंडता प्रभावित नहीं हो। राज्यपाल पटेल ने कहा कि लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अपने दायित्वों का सफल निर्वहन, संवैधानिक कर्त्तव्यों और सौंपी गयी जिम्मेदारियों को हमेशा सचेत रहते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग गरीबों और ज़रूरतमंदों के हित में प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने में लेखा परीक्षा के अधिकारी-कर्मचारियों की महती भूमिका है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी सबसे निर्धन लोगों की सेवा करने और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए पारस्परिक सहानुभूति से भरपूर सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने लेखा परीक्षा के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनका सहयोग विकास की वर्तमान गति को और तेज करने, समाज के वंचित वर्गों के कल्याण और राष्ट्र-निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होगा। प्रधान महालेखाकार सुगीताली तारे ने स्वागत भाषण दिया। प्रधान महालेखाकार डी. साहू ने आभार माना।

# ग्राम में ही राशन मिलने से खुश है जनजातीय वर्ग के हितग्राही



**भोपला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों को उनके अपने ही ग्राम में राशन उपलब्ध होने से बड़ी राहत मिली है। पहले पंचायत मुख्यालय या अन्य दूर गाँव से राशन लेकर आना पड़ता था। योजना के शुरू होने से अब ग्रामीणों को गाँव में ही आसानी से राशन मिलने लगा है। शासन द्वारा जनजातीय युवा बेरोजगारों को ऋण और अनुदान उपलब्ध कराते हुए वाहन खरीदवाये गये हैं। इन्हीं वाहनों से युवा गाँव-गाँव जाकर राशन वितरण का काम कर रहे हैं। इससे गाँव वालों को अपने गाँव में ही राशन और युवाओं को अपने परिवार की जीविकोपार्जन का आधार मिला है।

## ग्रामवासियों में खुशी की लहर

नर्मदापुरम जिले के विकासखंड केसला की ग्राम पंचायत जमानी के गाँव मानागाँव में मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना में गाँव में ही राशन मिलने से गाँव के लोग खुश है। मानागाँव की सुरेखा उइके ने बताया कि- पहले उन्हें राशन लेने के लिए 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जमानी जाना पड़ता था। वहाँ पहले से ही भीड़ रहती थी। कोई साधन नहीं होता तो राशन लाना मुश्किल होता था। अब राशन वाहन गाँव में ही राशन लेकर आ रहा है। इससे बहुत सहुलियत हो गयी है। घर का कोई भी व्यक्ति जाकर राशन ले सकता है। योजना से हमें बहुत फायदा है। सब गाँव वाले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने हमारी दिक्कत को समझा और गाँव में ही राशन का वाहन पहुँचा दिया। हमें नियमित रूप से गाँव में ही राशन मिलने से समय और किराये की बचत हो रही है। कुछ ऐसी ही खुशी गाँव के अन्य लोगों ने भी जाहिर की है।

## केसला ब्लाक में पाँच सेक्टर

विकासखंड केसला में योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए क्षेत्र को 5 सेक्टर में बाँटा गया है। केसला के 5 युवा जनजातीय बेरोजगार सर्वदिनेश कवड़े, हरनाम सिंह, धर्मेन्द्र बरकड़े, सतीश उइके और अजय कान्त कवड़े का चयन कर वाहन उपलब्ध कराया गया। विकासखंड के 73 ग्रामों के 5730 हितग्राहियों को सीधे उन्हीं के ग्राम में राशन वितरण शुरू हो चुका है। इससे सैकड़ों जनजातीय परिवार लाभान्वित हो रहे है। वर्तमान में मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना में पात्र परिवारों को 5 किलो प्रति सदस्य, अन्त्योदय परिवारों को 35 किलो गेहूँ, चावल एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में 5 किलो प्रति सदस्य चावल का वितरण किया जा रहा है। साथ ही अन्त्योदय परिवारों को प्रति परिवार 1 किलो शक्कर एवं सभी परिवारों को 1 किलो नमक का प्रदाय किया जा रहा है।



# डेढ़ हजार पुलिसकर्मियों ने सीखी तनावपूर्ण जीवन के बीच स्वस्थ रहने की कला

**भोपला, एजेंसी।** अच्छी दिनचर्या स्वस्थ जिंदगी का मूल मंत्र है। अपने मन और मस्तिष्क पर काबू रखें, ताकि व्यक्तिगत जीवन और कार्य के बीच में संतुलन बना रहे। यह बात पुलिस उपायुक्त विनीत कपूर ने आत्मसंवर्धन और क्षमता विकास प्रशिक्षण शिविर के 17वें बैच के समापन पर कही। उन्होंने कहा कि आपको संकल्प लेना है कि हमें घर पर भी हमेशा योग और व्यायाम कर खुद को स्वस्थ रखना है। शारीरिक रूप से स्वस्थ होने पर बीमारियों से बचा जा सकता है। इसलिए अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर और जिम्मेदार होना पुलिसकर्मी की प्राथमिकता में होना चाहिए। तब जाकर आप अपने मकसद में कामयाब हो सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान लोगों ने तनावपूर्ण जीवन के बीच खुश और स्वस्थ रहने का गुर सीखते हुए खड़े होकर ठहाके भी लगाए। बता दें कि आठ माह से पुलिसकर्मियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य और भावानात्मक विकास के मद्देनजर आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में नगरीय पुलिस आत्मसंवर्धन और क्षमता विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें अधिकारी और पुलिसकर्मी दोनों शामिल होते हैं। इसमें पुलिसकर्मियों के मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग, व्यायाम और तनाव प्रबंधन, दिनचर्या और खानपान आदि के बारे में चर्चा होती और उनको अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विशेषज्ञों को बुलाकर जानकारी दी जाती है।

## 1500 पुलिसकर्मी हो चुके हैं प्रशिक्षित

बता दें कि इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 1500 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जो पुलिसकर्मी बीमार रहते हैं, उनकी समय-समय पर जांच कर इस शिविर में आने से लाभ हो रहा है। अभी तक करीब 100 पुलिसकर्मियों को तनाव और रक्तचाप की समस्या से पूरी तरह से मुक्ति मिल चुकी है। कार्यक्रम के दौरान मनोवैज्ञानिक और प्रोफेसर के साथ आला पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

# रीवा में रोजगार मेला 284 विद्यार्थियों का चयन



**भोपला, एजेंसी।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना में रीवा के शासकीय रणमत सिंह महाविद्यालय (टीआरएस) में गुरुवार को रोजगार मेले में पीजी एवं यूजी अंतिम वर्ष के 284 विद्यार्थियों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया है। मेले में शामिल मारूति सुजुकी गुड़गाँव, गूगल पे, पेटीएम, बजाज एलायंस, एलआईसी एवं आईसीसीआई प्रोडेंशियल जैसी कंपनियों ने दस्तावेज एवं कॉउंसलिंग के आधार पर इन विद्यार्थियों का चयन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को एक सप्ताह के भीतर कंपनी के हेडक्वार्टर बुलाया जाएगा। जहाँ उनके साक्षात्कार एवं कॉउंसलिंग के बाद दस्तावेजों का वैरीफिकेशन होगा। इसके बाद अंतिम रूप से चयनित युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये जायेंगे। महाविद्यालय में एक काउंसिलंग स्टॉल भी लगाया गया, जहाँ विशेषज्ञों द्वारा मेले में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एवं संकाय के आधार पर कॅरियर मार्गदर्शन किया गया। रोजगार मेले में कुल 653 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। मेले में कुल 13 कंपनियां शामिल हुई। कंपनी के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों के प्राथमिक साक्षात्कार एवं दस्तावेजों के आधार पर उनका चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को फील्ड ऑफीसर, ट्रेनी एवं सेल्स रिप्रेजेंटेटिव आदि का जॉब प्रदान किया जाएगा। इनका वेतन 12 हजार से 21 हजार प्रतिमाह रहेगा।

## भोपाल काफी सुंदर और समृद्ध शहर- एक्टर कौशिक

**भोपला, एजेंसी।** बॉलीवुड के ख्यात डायरेक्टर, प्रोड्यूसर एवं एक्टर सतीश कौशिक ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड कार्यालय में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला से सौजन्य भेंट की। कौशिक भोपाल में एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुँचे हैं। उन्होंने कहा, 'देश के सबसे फिल्म फ्रेंडली स्टेट में आकर काफी खुश हूँ। भोपाल काफी सुंदर और समृद्ध शहर है। यहाँ की लोकेशन, खाना, मेहमानवाजी से काफी प्रभावित हुआ हूँ। उन्होंने बताया कि फिलहाल इकबाल मैदान पर अरबाज खान प्रोडक्शन की फिल्म शूटिंग चल रही है। इसके बाद भोपाल में मेरी अगली फिल्म पटना शुक्ला की शूटिंग होगी'। प्रमुख सचिव शुक्ला और अपर प्रबंध संचालक विवेक श्रोत्रिय ने उनका स्वागत किया।

**पटना शुक्ला की शूटिंग भोपाल में–** एक्टर कौशिक, अरबाज खान की फिल्म पटना शुक्ला की शूटिंग के लिए भोपाल में हैं। उन्होंने कहा कि पटना शुक्ला के बाद वे खुद एक फिल्म प्रोड्यूस करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग भी भोपाल में ही होना है। इसी फिल्म के लिए पुरानी जेल सहित कुछ लोकेशन्स देखी हैं, जो काफी पसंद आई है।

# ट्रांस्को ने कराहल में ऊर्जीकृत किया 132 के.व्ही. सबस्टेशन

## अब कूनो नेशनल पार्क को मिलेगी 74 की जगह 18 कि.मी. से विद्युत सप्लाई

**भोपला, एजेंसी।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने श्योपुर जिले के कराहल में 72 करोड़ 28 लाख की लागत से 132 के.व्ही. सबस्टेशन, लगभग 74 किलोमीटर 132 के.व्ही. शिवपुरी-कराहल कॉरीडोर तैयार किया है। गत दिवस इस सबस्टेशन को 50 एम.व्ही.ए. क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर के साथ ऊर्जीकत किया गया। इस सबस्टेशन से 33 के.व्ही. के 3 फीडरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जायेगी। इसमें कूनो नेशनल पार्क को मिलने वाली सप्लाई भी शामिल है।

**74 किलोमीटर की जगह 18 किलोमीटर से मिलेगी विद्युत सप्लाई–** नये सबस्टेशन के निर्माण से अब कूनो नेशनल पार्क एवं उसके बफर जोन को पहले श्योपुर से जहाँ 74 किलोमीटर से सप्लाई मिला करती थी, वह अब मात्र 18 किलोमीटर से 33 के.व्ही. सेसईपुरा फीडर के माध्यम से मिलेगी। इससे उपभोक्ताओं के साथ पर्यटन उद्योगों को उचित गुणवत्ता की कम व्यवधान के साथ विद्युत उपलब्ध हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि पहले 33 के.व्ही. के फीडर की लंबाई 74 किलोमीटर होने तथा इसके कूनो नेशनल पार्क के सघन एवं रिजर्व फॉरेस्ट के साथ पहाड़ों के बीच से गुजरने के कारण सुधार कार्य में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस नये सबस्टेशन के बनने से जहाँ बरसात आदि प्राकृतिक



कारणों से होने वाले व्यवधानों में कमी आयेगी और सुधार कार्य जल्द पूरा करने में भी मदद मिलेगी।

**दुर्गम पहाड़ी इलाकों और घनों जंगलों के बीच निर्मित की गई है लाईन–** कंपनी के मुख्य अभियंता श्री आर.के. खंडेलवाल ने बताया कि 132 के.व्ही. कराहल सबस्टेशन के लिए 132 के.व्ही. सबस्टेशन शिवपुरी से 132 के व्ही का कॉरीडोर बनाना चुनौतीपूर्ण था। दुरूह इलाकों में पहाड़ों पर टावर खड़ा करना, दुर्गम पहाड़ी पर सामान चढ़ाने के साथ कठोर चट्टानी भूमि पर फाउंडेशन बनाना तथा असमतल भौगोलिक क्षेत्र में इरेक्शन और स्ट्रींगिंग कर 132 के.व्ही. का कॉरीडोर बनाना बहुत जटिल था, जिसे पूर्ण किया गया। पूरे निर्माण में करीब 10 किलोमीटर का सघन रिजर्व वन क्षेत्र भी शामिल है। कंपनी ने वन भूमि उपयोग करने के एवज में करीब 15 किलोमीटर वन क्षेत्र में वृक्षारोपण भी किया है।

**200 से अधिक लिए गये शटडाउन–** 132 के.व्ही. कराहल सबस्टेशन के निर्माण के लिए कंपनी को लोक निर्माण, वन, राजस्व तथा रेलवे विभाग से समन्वय बना कर करीब 200 से अधिक शटडाउन लिये गये।

**जिले की पारेषण क्षमता में हुई बढ़ोत्तरी–** नये सबस्टेशन कराहल से कूनो नेशनल पार्क के अलावा गोरस, खिरकरी आदि क्षेत्रों में भी सप्लाई दी जायेगी। श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी अब अपने 5 अति उच्चदाब सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति करेगी। नव निर्मित 132 के.व्ही. सबस्टेशन कराहल के अलावा श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का एक 220 के.व्ही. सबस्टेशन श्योपुर तथा 132 के.व्ही. के तीन सबस्टेशन बड़ौदा, विजयपुर एवं श्योपुरकलां भी हैं। इस परियोजना में 132 के.व्ही. उपकेन्द्र कराहल से निकलने वाले तीन मुख्य 33 के.व्ही. फीडरों से कंपनी लिमिटेड के अधीन 33 के.व्ही. गोरस, खिरकिरी, कराहल फीडरों से लगभग 45 ग्रामों के 3 हजार कृषि/पम्प उपभोक्ताओं, 4 हजार घरेलू उपभोक्ताओं, 245 व्यावसायिक (गैर घरेलू) उपभोक्ताओं, 8 हजार बीपीएल उपभोक्ताओं, 30 पॉवर उपभोक्ताओं के अतिरिक्त लगभग 21 हजार उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा।

# कलचुरी समाज का युवक/युवती परिचय सम्मेलन कल




**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में कलचुरी समाज गोटेगांव श्रीधाम की एक आवश्यक बैठक श्रेया होटल में दोपहर 2ः00 बजे संरक्षक मंडल पदाधिकारी गण युवा समिति महिला मोर्चा की कलचुरी निशुल्क सामूहिक विवाह कल्याणी विधुर पुनर्विवाह निराश्रित कन्याओं का विवाह कलचुरी समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन तथा 26 11 2022 को राष्ट्रीय महासभा प्रदेश संगठन व समाज के प्रबुद्ध वरिष्ठ जनों द्वारा समाज के उत्थान व समस्त संगठनों का एकीकरण हेतु विचार विमर्श गोष्ठी का आयोजन अपराहन 4ः00 से 6ः00 तक आयोजित है। दिनांक 27 11ः 2022 दिन रविवार को प्रातः 8ः00 बजे से प्रखर गार्डन में कार्यक्रम अतिथियों का आगमन स्वागत व वैवाहिक कार्यक्रम कन्यादान का कार्यक्रम मंचीय प्रात 11ः00 बजे से प्रारंभ होगा द्वितीय सत्र दोपहर 2ः00 बजे से युवक युवती परिचय सम्मेलन नवविवाहित दंपतियों को मुख्य अतिथियों का आशीर्वाद तथा आयोजन के समन्वयकओं व सम्मेलन आयोजन कर्ताओं का सम्मान व आभार प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित है जिसमें संपूर्ण देश के समाज के वरिष्ठ प्रबुद्ध जनों का आगमन हो रहा है। आयोजन की समस्त समितियों के पदाधिकारियों को अपनी अपनी जवाबदारी हेतु आग्रह किया गया है बैठक को सम्मेलन प्रभारी पंकज चौक से आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र राय आयोजन समिति व्यवस्थापक मुकेश चौकसे बद्री चौकसे अमित राय ने संबोधित कर कार्यक्रम को सफल संपन्न कराने हेतु आवाहन किया बैठक में संरक्षक मंडल के सदस्य तहसील समिति के पदाधिकारी युवा समिति के पदाधिकारी महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित हुए।



# विभिन्न खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी और उसकी उपयोगिता

**गोटेगाँव, यशभारत।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में प्राथमिक विभाग के कक्षा प्रथम से पंचम तक के भैया बहनों ने विविध खाद्य पदार्थ का प्रदर्शन और उसकी उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर प्राचार्य कमलेश तिवारी पूर्व पार्षद सोबरन सिंह पटेल छोटे पटेल प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया आज भैया बहनों ने मक्का गेहूं चावल मूंग की दाल उड़द दाल अरहर दाल चना लॉन्ग लाची चिरौंजी बादाम किशमिश काजू ज्वार बाजरा मशहूर डोडा तेजपत्ता काली मिर्च खसखस चाय पत्ती केसर बड़ी इलायची मिर्च हल्दी धनिया मेथी जीरा नमक इनकी उपयोगिता के ऊपर भैया बहनों ने अपने अपने विचार रखे शरीर के लिए फायदे आदि पर अपना व्याख्यान दिया लोंग इलाइची आदि मसालों से क्या फायदे होते हैं क्या नुकसान होता है इस विषय पर भी भैया बहनों ने विचार रखे प्राचार्य कमलेश तिवारी ने खाद्य पदार्थों की उपयोगिता पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज का भागदौड़ की जिंदगी में खाद्य पदार्थों की महत्व भूमिका रहती है जो शरीर को एनर्जी प्रदान करते हैं एवं नुकसान भी करते हैं कितना भोज्य पदार्थ खाया जाए ना खाया जाए उन्होंने विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की कार्यक्रम में संजय जैन किशोर शुक्ला सरदार पटेल अंजना दीक्षित माया चौरसिया पूजा यादव संगीता जैन वंदना पटेल कल्पना चौरसिया किरण चौरसिया नामदेव उषा ज्योति दुबे उपस्थित थे।



# निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**कुंडम, यशभारत।** निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम एकीकृत शासकीय हाई स्कूल लौहकरी के अंतर्गत आज दिनांक 25/11/2022 को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री माननीय अनूप सिंह मरावी सरपंच ग्राम पंचायत लौहकरी जन शिक्षक राकेश पांडे प्रणव साहू की उपस्थिति एवं प्रभारी प्राचार्य संतोष पांडे एवं समस्त स्टाफ ग्राम से पधारे पंच गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई।

# चार्जमेनों के विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक आश्वासन

**जबलपुर यशभारत।** विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर एनडीएनजीएसए सहित अन्य एसोसिशन की गत दिवस आयुध निदेशालय कोलकाता में बैठक संपन्न हुई।

इस मीटिंग जबलपुर से शामिल होने गए एनडीएनजीएसए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक शर्मा एवं पंकज सोनवाणे राष्ट्रीय महासचिव ने बताया की चार्जमेन से जे डब्लू एम प्रोमोशन लगभग 250 से 300 प्रमोशन जनवरी 23 तक होने की संभावना है। इसी प्रकार जेडब्लूएम एस जी के प्रमोशन 1जनवरी2016से रिव्यू करने हेतु दिसंबर माह के अंत तक करने का बोर्ड ने आश्वासन दिया है। नाईट ड्यूटी सीलिंग बढ़ाने के लिए भी बोर्ड द्वारा सकारात्मक रुख अपनाया गया है। ओटी एरियर वाले मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से आदेश आने पर ही कोई निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। डिस्टेंस एजुकेशन वाले मुद्दे पर वन टाइम रिलेक्सेशन देने के मामले में बोर्ड ने सकारात्मकता दिखाते हुए कहा की बोर्ड मिनिस्ट्री से लगातार संपर्क बनाए हुए है। और आगामी समय में सकारात्मक निर्णय होने की संभावना है। कैडर रिव्यू का प्रस्ताव मंत्रालय कोभेज दिया गया है। इसी तरह एलडीसीई चार्जमैन एवं जे डब्ल्यू एम एग्जाम जनवरी माह अंत तक या फरवरी माह में हो सकते है।राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि एनडीएनजीएस एसोसिएशन द्वारा चार्जमेनो कि बेहतरी के लिए लगातार प्रयास जारी है।

# दिशा भंडारी हॉस्पिटल में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी से सफल ऑपरेशन

**जबलपुर, यशभारत।** नवीन तकनीकों के विकास से अब मानव जीवन आसान बीच की गद्दी के घिसने के कारण मरीज चलने फिरने में हुआ है पीढ़ित मानवता की सेवा की राह और सरल हो असमर्थ हो जाता है इसलिये सांईटिफिक तरीके से जोड़ों चली है। ज्वांइट रिप्लेसमेंट, सर्जरी का सफल आपरेशन- नगर जबलपुर में वर्तमान में दिशा भंडारी हॉस्पिटल में सम्पन्न हुआ जिसमें युवा डा. विकास सावला जी ने विगत 15 वर्षो से घुटने के दर्द को झेल रहे पीड़ित कटनी निवासी 70 वर्षीय दयालदास, जिनका 140 कि.ग्रा. वजन था और उन्हें डायबटीज एवं बी.पी. की भी शिकायत बनी रहती थी उनको ज्वाईट रिप्लेसमेंट सर्जरी द्वारा चलने फिरने योग्य बनाया और वे अब आसानी से चल सकते के बीच आर्टीफीशियल गद्दी लगाई जाती है। नवीन तकनीक और डिजाईन के इम्प्लांट, बिना दर्द बहुत ही कम मसल्स और बोन की कटिंग से ही कम टॉके लगाकर अच्छे परिणाम दे रहे हैं। विगत 10 वर्षो से अहमदाबाद में लगातार 10,000 से अधिक इस तरह की सफल सर्जरी कर वर्तमान में 3 वर्षो से जबलपुर में अपनी सफल सेवायें प्रदत्त कर रहे डा. विकास सावला जी के अनुसार इस सर्जरी के उपरान्त अब डॉ. विकास सावला है, दर्द, झेलते पीड़ित अब खुश दिखाई दे हड्डी रोग व ज्वाइट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ पीड़ित मरीज लम्बे समय (लगभग 20 से 25 वर्षो तक और आसानी से चल फिर रहे हैं। ज्वाईट रिप्लेसमेंट को लेकर अज्ञानतावश सकते हैं। अब तो कम उम्र के भी मरीज घुटने व कूल्हे दर्द पीड़ितों में कुछ भ्रांतियां व्याप्त हैं जो समय-समय पर ऐसे से पीड़ित हमारे सामने आ रहे हैं। लेकिन कम उम्र के सफल प्रकरण होते रहने से दूर होती जा रही है आमजन कारण भी सर्जरी में किसी तरह की कोई समस्या नहीं है के बीच जागरुकता बढ़ी है।


डॉ. विकास सावला



# सरस्वती विद्यालय में गणवेश प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर की ख्यातिलब्ध शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा प्रथम से पंचम क्लास तक के भैया बहनों की गणवेश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती मैयाजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित करने के उपरांत प्राथमिक कक्षा के उपस्थिति 641 भैयाबहनों सहित सभी भैयाबहन पूर्ण गणवेश पर उपस्थित होकर अनुकरणीय उदाहरण पेश किए जाने पर प्राचार्य कमलेशजी तिवारी ने सभी भैया बहनों की अनुशासनता देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभाशीष प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर प्रधानाचार्य नर्मदागुप्ता संजयजैन किशोरशुक्ला मायाचौरसिया अंजना दीक्षित संगीताजैन सहित समस्त विद्यालय परिवारजनों व भैया बहनों का योगदान सराहनीय रहा।

## सिड्रा की ओर सेअजय यादव परामर्श तंत्र में नामित



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस फेडरेशनों के महासंघ सीडीआरए द्वारा अराजपत्रित अधिकारी संघ खमरिया आयुध निर्माणी शाखा के महासचिव अजय यादव को म्युनिशन इंडिया लिमिटेड के परामर्श तंत्र में नामित किया गया है।श्री यादव के नामित किए जाने पर ग्रुप बी राजपत्रित अधिकारी संघ खमरिया इकाई के बी बी ओझा डी के पांडे सुरेश यादव अराजपत्रित अधिकारी संघ के सत्येंद्र सिंह डी सी पांडे आदि ने सिड्रा के महासचिव अजय के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि उन्होंने खमरिया को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।अजय यादव को नामित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## 28 नवंबर तक थ्री टियर इकोनॉमी कोच जबलपुर होकर जाने वाली गंगाकावेरी ट्रेन में स्थायी रूप से लगाया

**जबलपुर यशभारत*** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त कोच स्थाई/अस्थाई रूप से लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में डॉ. एमजीआर चैन्नई सेन्ट्रल-छपरा-डॉ. एमजीआर चैन्नई सेन्ट्रल गंगाकावेरी सुपरफास्ट ट्रेन में वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थायी रूप से लगाने का निर्णय लिया गया है। इस वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी कोच में अपेक्षाकृत कम किराया एवं यात्री सीटों की संख्या अधिक होती है। इस कोच के लगने से *पमरे के इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी एवं सतना के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा यह स्थाई कोच गाड़ी संख्या 12669 डॉ. एमजीआर चैन्नई सेन्ट्रल-छपरा गंगाकावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में डॉ. एमजीआर चैन्नई सेन्ट्रल स्टेशन से 26.11.2022 से तथा गाड़ी संख्या 12670 छपरा-डॉ. एमजीआर चैन्नई सेन्ट्रल गंगाकावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में छपरा स्टेशन से 28.11.2022 से 02 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी का कोच स्थाई रूप से लगाया जा रहा है। इस गाड़ी में विभिन्न श्रेणी 20 कोच की बजाय अब कुल 22 कोच होंगे। कोच कंपोजीशन-* वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी के 02 कोच बढ़ जाने से यह गाड़ी 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, *02 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी 6 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 01 रसोई यान एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित 22 कोचों के साथ चलेगी।

## यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या का निराकरण के लिए सेंट जॉन द्वारा प्राथमिक उपचार



जबलपुर यशभारत। दक्षिण भारत से चलकर काशी जाने वाली काशी तमिल संगमम के यात्रियों को लम्बे सफ़र के दौरान किसी तरह की स्वस्थ की कोई समस्या होने पर उसके निराकरण करने हेतु जबलपुर रेल मंडल की स्वास्थ्य संस्था सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों ने स्टेशन पहुचकर यात्रियों से भेंट करके प्राथमिक उपचार की जानकरी प्रदान की. अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मंजू नाथ एम.एस., वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी सुरेन्द्र विश्वकर्मा के निर्देशन में ब्रिगेड की टीम द्वारा निरंतर स्वस्थ सेवा में भाग लिया जा रहा है. दूसरी ट्रेन के आगमन पर संस्था से सचिव सादिक खान, देवेन्द्र कुमार, जय राम सिंह, शीला सिंह, नीलम वर्मा, कीर्ति शाक्य, शोभा नाविक, सरिता बालवंशी, अमित कोरी आदि ने स्टेशन पहुचकर यात्रियों से उनके स्वस्थ पर चर्चा की एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रदान की/



# वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के साथ रेलवे की पी.एन.एम. बैठक आयोजित

जबलपुर यशभारत* जबलपुर रेल मंडल के कर्मचारियों की समस्याओ पर मंडल रेल प्रशासन एवं वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के साथ हुई स्थाई वार्ता तंत्र (पी.एन.एम.)में कर्मचारी हित के अनेक निर्णय लिए गए. मंडल सभागार में आयोजित उक्त पी.एन.एम. बैठक में डी.आर.एम. विवेक शील ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि कर्मचारी कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, मंडल के रेल कर्मचारियों ने अपनी मेहनत से कई उपलब्धियां हासिल की है. उन्होंने यूनियन को सतत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया व् सभी कर्मचारियों को अपनी बेहतर सेवा देने का आव्हान किया. श्री शील ने मंडल में कर्मचारियों के हितो में किये जा रहे विभिन्न कार्यो की जानकारी देते हुए कर्मचारी संघ के 175 मुद्दों में से 42 का बैठक में ही निराकरण एवं शेष को विचाराधीन रखा. इस अवसर पर रेल प्रशासन के अपर मंडल रेल प्रबंधक सर्व श्री दीपक कुमार गुप्ता, अमितोज बल्लभ, मंडल के शाखा अधिकारी सर्व श्री सुबोध विश्वकर्मा, विश्व रंजन, डॉ मधुर वर्मा, जी.पी. सिंह, मनीष पटेल, संजय मनोरिया, बी.एन.मिश्रा, अरविन्द पांडे, पंकज सिन्हा, डीके.शुक्ला सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे बैठक में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल सचिव डी.पी.अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष एस.एन.शुक्ला, हर्ष वर्मा, डॉ.मोहम्मद शमशाद खान,नवीन तिवारी, नम्रता सोलंकी, अवधेश तिवारी, सुनील जाट आदि भी उपस्थित थे. इस अवसर पर संघ ने रेलवे कर्मचारियों के पदोन्नति, एम.ए.सी.पी., ओवर टाइम, लोको रनिंग स्टाफ को वाटर बाटल ,ओवर टाइम तथा नाइट ड्यूटी का भुगतान रेल आवास, पदोन्नति, वरीयता एवं रेल पथ की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों की विभिन्न समस्यों को प्रस्तुत किया. दो दिवसीय इस बैठक में अधिकारियो ने कर्मचारियों की समस्याओ पर गंभीरता से विस्तृत चर्चा करके अनेक निर्णय लिए।

# काशी–तमिल संगमम चौथी ट्रेन का भी जबलपुर में हुआ भव्य स्वागत



***जबलपुर यशभारत।*** दक्षिण एवं उत्तर भारतीय संस्कृति को सहेजे हुए काशी-तमिल संगमम की रेलगाड़ियों का पश्चिम मध्य रेलवे के क्षत्राधिकार के स्टेशनों जैसे इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर पहुंचने पर डेलिगेट्स का स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में काशी-तमिल संगमम की चौथी ट्रेन जब शुक्रवार 25 नवम्बर को जबलपुर स्टेशन पर दोपहर में पहुँची तो डेलीगेट्स का स्वागत पट्टिका, चन्दन का टीका तथा बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। गाड़ी संख्या 22535 रामेश्वरम-बनारस एक्सप्रेस के आगमन अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक, स्टेशन डायरेक्टर, रेलवे चिकित्सक, आरपीएफ थाना प्रभारी, स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रेलवे के पर्यवेक्षकों ने उक्त ट्रेन से आये काशी-तमिल संगमम डेलीगेट्स का स्वागत किया। उक्त सम्मान से सभी यात्री बहुत खुश नजर आये और रेल प्रशासन द्वारा किए गए इन्तजामों की सराहना करते हुए गंतव्य काशी की ओर रवाना हुए। इस ट्रेन में 216 यात्री दक्षिण भारत से काशी के लिए जा रहे हैं जो कि काशी-तमिल संगमम 2022 ''आजादी के अमृत महोत्सव'' के हिस्से के रूप में भारत सरकार की पहल पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' समारोह में शामिल होगे।अब पाँचवीं रेलगाड़ी संख्या 22669 एर्नाकुलम से पटना आगामी 28 नवम्बर को पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से गुजरेगी और इनमें सवार सभी डेलीगेट्स का भी स्वागत किया जाएगा।

## जबलपुर पूना सहित तीन यात्री गाड़ियां निरस्त और तीन के मार्ग में बदलाव

**जबलपुर यशभारत*** भुसावल तथा जलगांव रेलखंड में रेल प्रशासन द्वारा रेलवे ट्रैक पर नान इंटरलॉकिंग का कार्य करने के कारण आगामी 4 दिसंबर को कुछ ट्रेनों को तीन जोड़ी यात्री गाड़ियों को निरस्त किया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि जबलपुर मंडल की 3 जोड़ी यात्री गाड़ियों, जबलपुर से पुणे जाने वाली ट्रेन नंबर 02132 तथा पुणे से वापस आने वाली ट्रेन नंबर 02131 आगामी 4 एवं 5 दिसंबर को नहीं चलेगी।इसके अतिरिक्त रीवा से राजकोट के बीच जबलपुर होकर चलने वाली ट्रेन नंबर 22938 तथा वापसी में 22937 एवम कटनी से भुसावल के बीच चलने वाली पैसेंजर गाड़ी नंबर 11127 एवं 28 को चार तथा पांच दिसम्बर को निरस्त किया गया है। इसी तरह छपरा से सूरत के बीच चलने वाली ताप्ती गंगा एक्सप्रेस भागलपुर से सूरत जाने वाली ट्रेन नंबर22948 तथा दानापुर से उधना जाने वाली ट्रेन नंबर 20934 आगामी 4 दिसंबर को जबलपुर स्टेशन नहीं आयेगी। इन ट्रेनों को कटनी से बीना, संत ह्रदय राम नगर, रतलाम मार्ग से गंतव्य की ओर जायेगी। श्री रंजन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे उक्त गाड़ियों में यात्रा करने के पूर्व रेलवे इंक्वारी से समुचित जानकारी प्राप्त कर लें।

# दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला सम्पन्न




**जबलपुर यशभारत। केंद्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग–प्रसार बढ़ाने और कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी में कार्य करने के दौरान आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के उद्देश्य से अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, शोभन चौधुरी के मार्गदर्शन तथा निर्देशन में पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय में दो दिवसीय हिंदी कार्याशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।**

आयोजित हिंदी कार्यशाला के प्रथम सत्र में *÷इलेक्टॉनिक प्लेटफार्म पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को सरलता से बढ़ाने तथा ई-ऑफिस में राजभाषा हिंदी में कार्य करने में आने वाली कठिनाइयों का समाधान÷ *बताया गया। इसी क्रम में दूसरे दिन 25.11.2022 को *÷संघ की राजभाषा नीति एवं इसका प्रभावी कार्यान्वयन÷तथा गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड द्वारा लागू विभिन्न पुरस्कार एवं प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्याशाला में महाप्रबंधक कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 21 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।उक्त हिंदी कार्यशाला के समापन अवसर पर कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों को यू.के.सिंह, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/उप मुख्य राजभाषा अधिकारी, पमरे ने सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्री राज रंजन श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया

# कबड्डी के उन्नयन में जबलपुर का अहम योगदान-प्रहलाद सिंह पटेल

**जबलपुर यशभारत। भारतीय परंपरागत खेलों में जहां कबड्डी प्रमुख है वही कबड्डी के उन्नयन में जबलपुर के योगदान को भी विस्मृत नहीं किया जा सकता। यहां के खिलाड़ियों प्रशिक्षकों एवं निर्णयको ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंचों पर अहम भूमिका निभाई है। मैं भी कबड्डी खेल का प्रशंसक हूं। इस खेल में जहां शारीरिक विकास होता है वहीं मस्तिष्क में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित होती है।**

यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने महाविद्यालय परिसर में पश्चिम क्षेत्र अंतर्गत विश्वविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। श्री पटेल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ हनुमान जी महाराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग अध्यक्ष डॉ. गंगाधर त्रिपाठी ने स्वास्ति वाचन किया। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के महाविद्यालय आगमन पर शासी निकाय अध्यक्ष श्री शरदचंद पालन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी एवं प्रतियोगिता संयोजक डॉ शक्ति सिंह मण्डलोई ने श्री प्रहलाद पटेल जी का स्वागत पुष्पहार एवं मोतियों की माला से किया। विशिष्ट



## श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में अंतर वि.वि. कबड्डी (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

अतिथि के रूप में प्रो आर. के. यादव, रा.दु.वि.वि., श्री संतोष दुबे, पार्षद कस्तूरबा गांधी वार्ड उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में पश्चिम क्षेत्र अंतरविश्वविद्यालय प्रतियोगिता में 05 राज्यों के 102 विश्वविद्यालय शामिल हो रहे है। इस प्रतियोगिता के पूल सी एवं डी के मैच श्रीजानकीरमण महाविद्यालय परिसर में आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें 50 विश?वविद्यालय के मैच श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में खेले जा रहे हैं।

द्वितीय सत्र के खेल गए मैचो में कार्यक्रम की अध्यक्षता शरदचंद पालन ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू में उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में जबलपुर को खेलधानी बनाने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया एवं खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त कर दोनों टीमों के मध्य टॉस कराकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बृजेश सिंह, कुलसचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, डॉ विशाल बन्ने, आयोजन सचिव उपस्थित रहे।आज पूल डी के खेले गए मैचों में इंदौर ने गोवा को 64-38, गुजरात ने कच्छ को 45-34 से, अजमेर ने चित्तौड़गढ़ को 30-22 से हराया, अहमदाबाद सूरत और सुरेंद्र नगर टीम के नहीं पहुंचने पर प्रतिद्वंदी टीम कच्छ, गुजरात और झुंझुनू को वॉकओवर मिला। पूल सी के मैचों में जोधपुर ने आणंद को 57-14 से, गुजरात ने मेहसाणा को 42-33 से, जलगांव ने मुंबई को 64-18 से, कोल्हापुर ने पी.डी.यू. शिखर को 48-24 से हराकर अगले चरण में प्रवेश लिया। संपूर्ण प्रतियोगिता का संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा ने किया। आज हुए मैचों के संचालन में क्रीड़ाधिकारी डॉ. रमेश शुक्ला, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. अवधेश दुबे, डॉ. जुगल किशोर मेवारी, डॉ. विजेन्द्र यादव, डॉ. विशाल यादव, डॉ. विवेक चौबे, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अल्का तिवारी, डॉ. रोहिला पिल्ले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक जे.सी शर्मा, प्रकाश यादव शानू, पतिराज सिंह बघेल, पुष्पेंद्र पांडे, सुनील ठाकुर अशोक पांडे, रविंद्र पांडे, जयेश परिहार, गुलबहार खान, बृजेश बावरा, पुष्पा रघुवंशी एवं परमूलाल यादव रहे।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के डॉ. अंजली शुक्ला, प्रशांत पाठक, तरुण मिश्रा, श्रीमती अनामिका सिंह, श्रीमती राधा झारिया, श्रीमती नीना चौबे, मीनाक्षी लोधी, मुकेश श्रीवास्तव, चंद्रकुमार चौबे, मनोज चौरसिया, हेमंत सोंधिया, प्रियंका यादव, काजल मानेक, डेनियल पटेल, राखी बाजपेई, संजय पांडे, गोपाल रैकवार, भूपेंद्र अहिरवार के साथ बडी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।



# जीते मैच में ब्राजील को मिला सबसे बड़ा दर्द
# स्टार स्ट्राइकर नेमार हुए चोटिल



**लुसैल (कतर), एजेंसी।** ब्राजील ने फीफा विश्व कप में सर्बिया के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ अपने अभियान को शुरू किया लेकिन इस मुकाबले में उसके स्टार स्ट्राइकर नेमार चोटिल हो गए। ब्राजील के लिए ये दोनों गोल रिचर्लिसन ने किये। उन्होंने मैच के 62वें मिनट में विनीसियस जूनियर के बनाए मौके पर टीम का खाता खोला और इसके 11 मिनट के बाद शानदार एक्रोबेटिक किक लगाकर टीम की बढ़त को दोगुना किया। टोटेनहम के इस स्ट्राइकर को मैच के बाद नेमार की चोट के बारे में पता चला। उन्होंने कहा, च्ज्हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले मैच के लिए वह शत प्रतिशत फिट हो। मैं होटल पहुंचकर देखूंगा कि वह कैसा है।ज्ज ब्राजील टीम के चिकित्सक रोड्रिगो लैसमर ने कहा कि नेमार के दाहिने टखने में मोच आ गई है। उन्होंने हालांकि इस बारे में कुछ नहीं बताया कि वह सोमवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ टीम के अगले मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं। उन्होंने कहा, च्ज डगआउट में बेंच पर और फिर फिजियोथेरेपी के दौरान हमने उसके दर्द वाले हिस्से पर बर्फ का इस्तेमाल किया है। अभी चोट की गंभीरता के बारे में पता नहीं है। वह निगरानी में रहेगा। च्ज नेमार 2014 विश्व कप में भी चोटिल हुए थे। ब्राजील में खेले गए इस विश्व कप में कोलंबिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पीठ की चोट दर्द के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। इसके बाद ब्राजील को सेमीफाइनल में जर्मनी ने 7-1 से हराया था। नेमार ने सर्बिया के खिलाफ मैच में नौ बार फाउल किया गया था, जो इस साल के विश्व कप में अब तक के किसी भी खिलाड़ी से चार ज्यादा है। नेमार पर ज्यादा ध्यान देने के कारण सर्बिया की रक्षापंक्ति रिचर्लिसन को नहीं रोक सकी। ब्राजील की टीम ने मैच के पहले हाफ में भी कई मौके बनाए लेकिन टीम को सफलता नहीं मिली। नेमार ने 62वें मिनट में विरोधी टीम की रक्षापंक्ति को छकते हुए गेंद विनीसियस को दिया जिन्होंने इसे रिचर्लिसन की ओर बढ़ा दिया और अपना पहला विश्व कप खेल रहे इस खिलाड़ी ने गोलकीपर को चकमा देने में कोई गलती नहीं की। रिचर्लिसन ने कहा, च्ज्मेरा बचपन का सपना पूरा हो गया। हमें पता था कि उनसे पार पाना मुश्किल होगा। मैं इंग्लैंड में इस तरह की रक्षात्मक टीमों के खिलाफ खेलने का आदी हूं। मैं उन मौकों का फायदा उठाना चाहता था जो मेरे पास थे और मैंने ऐसा ही किया।ज्ज्नेमार को मैच में कई बार मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा और दूसरे हाफ में उनके दाहिने टखने में मोच आ गई। मैच के 79वें मिनट में स्थानापन्न के बाद वह बेंच पर रोते हुए देखे गए। इसके बाद वह लंगड़ाते हुए स्टेडियम से बाहर निकले। ब्राजील के कोच टिटे ने मैच के लिए आक्रमण रुख अपनाते हुए चार फारवर्ड खिलाड़ियों के साथ शुरुआत की। इसमें नेमार, विनीसियस और रिचर्लिसन के साथ राफिन्हा शामिल थे। सर्बिया के खिलाड़ी शुरुआत में हालांकि ब्राजील ज्यादा मौके नहीं बनाने दे रहे थे। नेमार ने खेल की गति को नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन वह लगातार सर्बिया के खिलाड़ियों से घिरे रहे। इस दौरान उन्होंने, विनीसियस और रफिन्हा ने पहले हाफ में ही गोल करने के कुछ मौके गंवा दिए। मैच के 60वें मिनट में ब्राजील की टीम ने बढ़त लेने का मौका उस समय गंवा दिया जब एलेक्स सैंड्रो के पैर से निकली गेंद गोलकीपर को छकाने के बाद पोस्ट से टकरा गयी। इससे पहले नेमार ने 50वें मिनट में फ्री किक और 55वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के निकट से गोल करने का मौका गंवा दिया। मैच के दौरान सर्बिया के कई खिलाड़ी भी चोटिल हुए। सर्बिया के कोच ड्रेगन स्टेनकोविक ने कहा, हमारे पास तीन प्रमुख खिलाड़ी चोटिल हुए है।



# फुटबॉलर है या जिम्नास्ट... हवा में गुलाटी लगाते हुए दागा गोल, वीडियो देख मेसी-रोनाल्डो को भूल जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी। ब्राजील ने कतर में 2022 विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में कड़ी प्रतिद्वंद्वी सर्बिया को 2-0 से हराया और इस मैच के हीरो रहे रिचर्लिसन। दुनियाभर के फुटबॉल प्रेमियों की निगाहें टीम के स्टार स्ट्राइकर नेमार जूनियर पर टिकी हुई थीं, लेकिन टोटेनहम हॉटस्पर फॉरवर्ड रिचर्लिसन ने करिश्माई दो गोल दागते हुए पूरा माहौल लूट लिया। उनका एक गोल तो ऐसा था कि लोग सोशल मीडिया में अब तक का बेस्ट गोल बता रहे हैं।**

### रिबाउंड करके लगाया ओवरहेड किक, हवा में थे दोनों पैर

मैच के 73वें मिनट में रिचर्लिसन ने गेंद को रिबाउंड करके ऊपर उछाला और फिर हवा में गुलाटी लगाते हुए दाएं पैर से किक करते हुए गोलकीपर के बगल से गोल दाग दिया। यह सब इतनी जल्दी हुआ कि सर्बियाई गोलकीपर वंजा मिलिंकोविक-साविक को कुछ समझ ही नहीं आया। वीडियो में आप खुद भी देख सकते हैं कि जब तक सर्बिया के गोलकीपर और प्लेयर्स को समझ आता गेंद जाल में उलझ चुकी थी। गोलकीपर ने हवा में छलांग जरूर लगाई, लेकिन गेंद उनके पहुंच से दूर थी। इसके बाद ब्राजीली टीम के खिलाड़ियों का जश्न देखते बन रहा था।

### गजब के गोल से छाया खिलाड़ी

9 नंबर की जर्सी पहने इस खिलाड़ी के ओवरहेड किक का वीडियो वायरल हो रहा है। यह रिचर्लिसन का दूसरा गोल था, जिसने विनीसियस के एक शॉट पर रिबाउंड से गोल करके ब्राजील को बढ़त दिला दी। रिकॉर्ड पांच बार के विजेताओं ने पहले हाफ खूब मेहनत की, लेकिन गोल नहीं लग सका। इसके बाद दूसरे हाफ में रिचर्लिसन ने 62वें मिनट में पहला गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई। दूसरी ओर, सर्बिया के खिलाड़ी ब्राजील के डिफेंस को एक भी मात नहीं दे पाए। हालांकि, नेमार को टखने में चोट आ गई है। ब्राजील की टीम के डॉक्टर ने कहा कि अगले 48 घंटों में इसका आकलन किया जाएगा। बता दें कि नेमार टीम के सबसे अहम खिलाड़ी हैं। अगर उनकी चोट गंभीर होती है तो टीम को भारी नुकसान होगा। यह मुकाबला लुसैल स्टेडियम में खेला जाएगा।

# वाह रोनाल्डो... इतिहास रच दिया, 5 वर्ल्ड कप में गोल मारने वाले दुनिया के पहले आदमी



**कतर,एजेंसी।** बीते दो हफ्ते से सुर्खियों में बने रहने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकबार फिर खबरों में आ चुके हैं। फीफा वर्ल्ड कप में घाना के खिलाफ गुरुवार रात उन्होंने इतिहास रच दिया। ग्रुप II के पहले मुकाबले में पुर्तगाल के कप्तान रोनाल्डो ने 65वें मिनट में पहला गोल मारा, इसी के साथ वह पांच अलग-अलग वर्ल्ड कप (2006, 2010, 2014, 2018, 2022) में स्कोर करने वाले दुनिया के पहले पुरुष फुटबॉलर बन गए हैं। अपने इस कमाल के साथ रोनाल्डो ने ब्राजील के पेले, जर्मनी के यूवे सीलर और मिरास्लोव क्लोज को पछाड़ दिया, जिन्होंने चार वर्ल्ड कप में गोल मारे हैं। 37 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने इंटरनेशनल गोल की संख्या 118 कर दी है। घाना के खिलाफ 3-2 की जीत में उन्होंने वर्ल्ड कप करियर का आठवां गोल दागा। मैनचेस्टर यूनाईटेड से अजीबोगरीब विदाई के बाद काफी विवाद हुआ था। दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में पुर्तगाल ने 15 मिनट में दागे तीन गोल की बदौलत फीफा विश्व कप के ग्रुप एच मैच में गुरुवार को यहां धीमी शुरुआत से उबरते हुए घाना को 3-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। स्टेडियम 974 में दुनिया की नौवें नंबर की टीम को कप्तान रोनाल्डो ने 65वें मिनट में बढ़त दिलाई जिसके बाद जाओ फेलिक्स (78वें मिनट) और राफेल लियाओ (80वें मिनट) ने भी पुर्तगाल की ओर से गोल दागे। घाना की ओर से कप्तान आंद्रे आयेव (73वें मिनट) और उस्मान बुखारी (89वें मिनट) ने गोल किए।दुनिया की 61वें नंबर की टीम घाना के खिलाफ पुर्तगाल की जीत का अंतर और अधिक हो सकता था, लेकिन मैच के शुरुआती एक घंटे में अधिकांश समय रोनाल्डो, बर्नांडो सिल्वा और ब्रूनो फर्नांडिस की तिकड़ी ने निराश किया। पुर्तगाल ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले 10 मिनट में कुछ अच्छे मूव बनाए, लेकिन उसके फारवर्ड घाना की रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहे।





# भलाई का जमाना नहीं...गिरने वाली थीं दीपिका शख्स ने बचाया, पर उसी को आंख तरेरने लगीं!

**नई दिल्ली,एजेंसी।** एक कहावत बहुत मशहूर है- भलाई का जमाना नहीं रहा। ये कहावत इन दिनों टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ के लिए खूब बोली जा रही है, क्योंकि उन्होंने काम ही कुछ ऐसा किया है। दीपिका हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुई थीं, जहां उनके पैर लड़खड़ा गए और वो बस गिरने ही वाली थीं। तभी उनके पास खड़े शख्स ने उन्हें पकड़ लिया और गिरने से बचा लिया। उस शख्स को थैंक्यू कहने की बजाय दीपिका उसे आंख दिखाने लगीं। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग इस पर रिएक्ट कर रहे हैं और कह रहे हैं कि च्अब भलाई का जमाना नहीं रहा! दीपिका कक्कड़ हाल ही में दादा साहब फाल्के आइकॉन अवॉर्ड्स में शामिल हुई थीं। उन्होंने पति शोएब इब्राहिम के साथ इस इवेंट में शिरकत की थी। ब्लैक कलर के जोड़े में इस कपल की जोड़ी बहुत अच्छी दिख रही थी। जब दीपिका इवेंट से वापस लौटने लगीं तो उनके साथ ये हादसा हो गया।

### लड़खड़ाईं दीपिका कक्कड़

दीपिका चलते-चलते अचानक लड़खड़ा गईं। वो गिरने ही वाली थीं। तभी उनके साथ चल रहे शख्स ने उन्हें थाम लिया। यहां पर दीपिका को उस शख्स को थैंक्यू बोलना चाहिए था, लेकिन एक्ट्रेस का रिएक्शन देख लोग भी दंग है। दीपिका उसका आभार व्यक्त करने की बजाय उसे ही आंख दिखाने लगीं। दीपिका का ये वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। लोग इस पर अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं। एक ने लिखा, च्व्लॉग में इतनी अच्छी बनने की कोशिश करती हो और रियल लाइफ में जो हेल्प करना है, उनको ही आंख दिखाते हो। वाह क्या एटिट्यूड है मैडम... सेम अंदाज व्लॉग में भी रखती तो मजा आता। दूसरे ने लिखा, च्ये इसका रियल फेस है.. ।

### ननद सबा की शादी में थीं बिजी

दीपिका कुछ दिनों पहले अपनी ननद सबा इब्राहिम की शादी को लेकर सुर्खियों में थीं। उन्होंने दुल्हन के सारे आउटफिट्स डिजाइन किए थे। उन्होंने फैमिली के भी कपड़े तैयार किए थे। हालांकि, इस वजह से दीपिका को काफी सुनना भी पड़ा था, क्योंकि लोगों को सबा का लुक पसंद नहीं आया था।

## 'गलवान' पर टिप्पणी

# अभिनेत्री रिचा चड्ढा ने मांगी माफी



मुंबई, ईएमएस। गलवान घाटी में 2020 में हुए संघर्ष का अपने ट्वीट में जिक्र कर विवाद खड़ा करने वालीं अभिनेत्री रिचा चड्ढा ने बृहस्पतिवार को माफी मांगी। रिचा ने वह ट्वीट भी हटा दिया। इस ट्वीट में उन्होंने सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बयान पर जवाब दिया था। सैन्य अधिकारी ने कहा था कि भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर पुन- नियंत्रण के लिए सरकार के आदेश का इंतजार कर रही है। इस पर प्रतिक्रिया में रिचा ने लिखा था, 'गलवान हाय कह रहा है।ज्इसके बाद अनेक लोगों ने ट्विटर पर अभिनेत्री को आड़े हाथ लिया और उन पर भारतीय सैनिकों की शहादत का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया। बाद में रिचा चड्ढा ने कहा कि वह भारतीय सेना की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने कहा, 'यह मेरी मंशा बिल्कुल नहीं थी, फिर भी जिन तीन शब्दों पर विवाद खड़ा किया जा रहा है, उनसे किसी को चोट पहुंची हो तो मैं खेद जताती हूं और यह भी कहती हूं कि यदि मेरे शब्दों से बिना इरादे के भी फौज में मेरे भाइयों के अंदर ऐसी कोई भावना आई हो तो मुझे दुख है। मेरे नानाजी भी सेना में थे।

# कुंडली के छठवें भाव का है जीवन में महत्वपूर्ण स्थान

**जीवन ज्योतिष में आज 6वें भाव पर ज्योतिषाचार्य पं. मनोहर वर्मा ने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से विशेष चर्चा में बताया कि 6वां भाव हमारी जन्मपत्रिका एक महत्वपूर्ण भाव है क्योंकि इसी भाव से हमारे जीवन के कुछ नकारात्मक पक्षों को देखा जाता है। जब भी हमें कोई रोग लगता है हम बीमार होते हैं तो वह इस भाव से ही पता लगता है कि हम कब बीमार होने वाले हैं और कितने दिन किस स्वरूप में हमारी बीमारी चलेगी।**

यश भारत जीवन ज्योतिष

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

हमारे शत्रु भी इसी भाव से देखे जाते हैं यदि हमारी किसी से भी कोई शत्रुता हो रही है तो इस संबंध में भी यही भाव बताता है। यदि हम कोई कर्ज में डूब रहे हैं या कर्ज लेना चाह रहे हैं, हमें कर्ज मिलेगा या नहीं मिलेगा। इस संबंध में भी यही भाव बताता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि हमारे जीवन के तीन ऋणात्मक पक्ष अर्थात रोग, शत्रु एवं कर्ज ये तीनों छठा भाव ही प्रदर्शित करत है। यदि हम रिश्तों की बात करें तो मामा पक्ष को यह भाव प्रदर्शित करता है धनात्मक पक्ष जहां इस भाव के नकारात्मक परिणाम हैं वहीं अतिमहत्वपूर्ण सकारात्मक पक्ष भी यह भाव प्रदर्शित करता है। जैसे प्रतियोगिता में विजयी होना, धन अर्जित करना, आपके कितने नौकर होंगे और किस तरह से आप प्रशासन करेंगे इस संबंध में भी यही भाव बताता है। मंगल एवं शनि इस भाव के कारक ग्रह होते हैं।




ज्योतिषाचार्य पं. मनोहर वर्मा ने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से विशेष चर्चा

## शत्रु एवं ऋण को यह भाव प्रदर्शित करता है

इस प्रकार हम देखते हैं कि हमारे जीवन के तीन ऋणात्मक पक्ष रोग, शत्रु एवं ऋण को यह भाव प्रदर्शित करता है। इसके पूर्व के 1 से लेकर 5 तक के भाव में हमने कोई सीधे तौर पर कोई नकारात्मक पहलुओं को नहीं देखा था। यह भाव जहां हमें धनात्मक पक्ष देता है वहीं ऋणात्मक पक्ष भी देता है। इसी भाव की तरह भाव नं.8 और भाव नं.12 भी धनात्मक पक्ष के साथ साथ ऋणात्मक पक्षों को भी प्रदर्शित करते हैं इसलिये इन तीन भावों को अर्थात 6वां भाव, 8वां भाव एवं 12वां भाव दुः स्थान या त्रिक स्थान भी कहते हैं। ये तीनों स्थान हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## 6वें भाव के परिणामों के संबंध में जानकारी प्राप्त होती है

छठे भाव में कौन सी राशि है, उस राशि का स्वामी कौन से घर में बैठा है, 6वें भाव में कौन कौन से ग्रह बैठे हैं, 6वें भाव को कौन कौन से ग्रह देख रहे हैं, 6वें भाव के स्वामी के साथ कौन ग्रह बैठे हैं और कौन ग्रह देख रहे हैं आदि तथ्यों से 6वें भाव के परिणामों के संबंध में जानकारी प्राप्त होती है।

# डीएनए के लिए अब दूसरे जिलों पर आश्रित नहीं रहेगा जबलपुर

## 4 करोड़ से तैयार होगी आरएफएसएल लैब 8 जिलों की पुलिस करवाएगी जांच

**जबलपुर, यशभारत।** अपराधिक वारदातों से लेकर महिला अपराधों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस साइंटिफिक एवीडेंस जुटाती है। इस बीडीएनए रिपोर्ट सबसे बड़ा सबूत होती है। यह रिपोर्ट ही होती है जो आरोपियों को सजा दिलाने में अहम रोल अदा करती है। लेकिन डीएनए जांच की सुविधा जबलपुर में लैब नहीं होने के कारण भोपाल पर जबलपुर पुलिस को निर्भर होना पड़ता है। वर्तमान समय में भी बहुत ज्यादा डीएनए रिपोर्ट पेंडिंग चल रही हैं। इनकी जांच भोपाल स्थित लैब में हो रही है। इस बीच अब जबलपुर में डीएनए लैब तैयार कराई जा रही है। तकरीबन 4 करोड़ की लागत से यह लैब रांझी में बनाई जा रही है। मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा डीएनए को बनाने का काम चालू कर दिया गया है जो 8 माह के अंदर बनकर तैयार होगी। इसके बाद जबलपुर सहित 8 जिलों की डीएनए जांच जबलपुर में ही हो सकेगी। इसलिए भोपाल पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और पेंडेंसी कम होगी।

### हर माह 150 से अधिक जांचें

अभी गोरखपुर थाना के बाजू में संचालित क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला में हर माह तकरीबन 8 जिलों से 150 से अधिक सैंपल आते हैं। इनकी जांच की जाती है।



### डीएनए- आरएफएसएल यूनिट में बढ़ेगा मैन पॉवर

रांझी में तैयार होने वाली डीएनए-आरएफएसएल लैब से जबलपुर सहित 8 जिलों की पुलिस को राहत मिलेगी। उसे हर जांच के लिए भोपाल या सागर जाना नहीं पड़ेगा। सभी जांचें जिसमें डीएनए से लेकर बर्न और पॉइजन से संबंधित जांचें होगी वह शहर में ही पूरी हो जाएंगे। इससे पेंडेंसी की मार भी जांच रिपोर्टों पर नहीं पड़ेगी और सही समय पर आरोपियों को सजा मिल पाएगी। गौरतलब है कि कई बार देखने में आता है कि पुलिस थानों में दर्ज होने वाले मामलों की जांच में रिपोर्ट बहुत दूरी से आती है इस कारण सुनवाई में भी देरी होती है। लैब तैयार होने से बालाघाट, सिवनी, छिंदवाडा, डिंडौरी, मण्डला, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी पुलिस को राहत होगी। इससे पुलिस का टाइम भी बचेगा और जिलों की कनेक्टीविटी भी बनी रहेगी। यहां पर लैब में मैन पॉवर भी बढ़ाया जाएगा।




# जब पुलिस ने दौड़ा दौड़ा कर आरोपी को थकाया और फिर किया गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल में चोर और पुलिस का खेल देखने को मिला। जहां पुलिस को आता हुआ देखकर अवैध गैस रिफलिंग कर रहे आरोपी और ऑटो चालक, दोनों दौड़ पड़े। लेकिन पुलिस भी कहां मानने वाली थी। आखिर में पुलिस ने दोनों आरोपियों को दौड़ा-दौड़ा कर थकाया और फिर दबोच लिया। जानकारी अनुसार प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि सूचना मिली कि मक्का नगर में अननू उर्फ रिहान अवैध रूप से आटो में गैस रिफ्लिंग कर रहा है। सूचना पर पुलिस और क्राईम ब्रांच के बलराम पाण्डे द्वारा दबिश दी गयी जहॉ पुलिस को आता देख ऑटो चालक एवं गैस रिफ्लिंग कर रहा युवक भागने लगे घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। आरोपी अन्नू उर्फ रिहान उर्फ अनवार हुसैन 22 वर्ष निवासी मक्का नगर , आटो चालक बंटी उर्फ रफीक 22 वर्ष निवासी नेता कालोनी अधारताल को दबोचकर 1 तौल कांटा एवं एक्टीवा क्रमांक एमपी 20 एसएन 9113 तथा आटो चालक से आटो क्रमांक एमपी 20 आर 8669 जब्त कर कार्रवाई की गई।

# बीच रोड पर पड़ा मिला नवजात का शव, क्षेत्र में हड़कंप



**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के गोपाल लाल जी मंदिर के पास आज शनिवार अलसुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब रोड पर लोगों ने एक नवजाद के शव को पड़े हुए देखा। जिसके बाद क्षेत्रीयजनों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर, मर्ग कायम करते हुए जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बाइक सवार ही नवजात को फेंककर, फरार हो गए है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह सूचना मिली कि मंदिर के पास एक बच्चे का शव पड़ा हुआ है। मौके पर जाकर देखा तो शव बीच रोड पर पड़ा हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बाइक सवार महिला पुरुष ने फेंककर भागे

क्षेत्रीय जनों ने बताया कि कुछ देर पहले ही बाइक में सवार महिला-पुरुष यहां खड़े थे जो शायद बच्चा फेंककर भाग गए है। अब पुलिस आरोपियों को दबोचने सीसीटीव्ही फुटेज खोज रही है।

# मेडिकल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से भागा कैदी

## पुलिस कर्मी कटवाता रहा पर्ची, बाथरूम की खिड़की खोलकर आरोपी हो गया फुर्र



मेडिकल से भागा आरोपी



**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक कैदी बाथरूम की खिड़की से भाग गया। कैदी भागे जाने की खबर आग की तरह पूरे मेडिकल में फैल गई, पुलिस ने कैदी को पकड़ने के लिए नाकाबंदी कर दी है लेकिन अभी तक कैदी की लोकेशन पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार संजीवनी नगर थाना पुलिस द्वारा इलाज के लिए आज शनिवार को सुबह कैदी बीपी रजक को सुपर स्पेशलिटी लाया गया था। डॉक्टर के यहां पहुंचने के पहले कैदी ने पुलिस कर्मियों से बाथरूम जाने के लिए कहा इसके बाद वह बाथरूम गया तो दोबारा वापस नहीं लौटा। काफी समय तक कैदी के बाहर नहीं आने पर पुलिस कर्मी और सुरक्षा कर्मियों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। इसके बाद बाथरूम दरवाजे के लॉक को तोड़कर देखा गया तो कैदी गायब था और एक खिड़की भी टूटी हुई थी।




























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )